हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

# गुणवत्ता की जांच करने वालों ने पूरी की औपचारिकता, नुकसानदायक हो सकती है इस दिवाली की मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिवाली पर बाजार से खरीदी गई मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थ का उपयोग सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। पिछले त्योहार में उठाए गए सैंपलों में अमानक मामले की जानकारी नहीं दे पाने वाले खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अफसरों ने इस बार जांच के नाम पर औपचारिकता निभाई है। दिवाली के दौरान दुकानों से लिए गए सैंपल टेस्टिंग के लिए लैब भेजे जा रहे हैं, मगर इनकी रिपोर्ट आने में दो से तीन माह बीतने की संभावना है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के सैंपल उठाती है और जांच के लिए लैब भेजती है। वहां जांच की प्रक्रिया इतनी धीमी और सुस्त होती है कि संदिग्ध माने जाने वाले खाद्य पदार्थ की कई खेप बाजार में खप जाती है। पिछली दिवाली में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राज्यभर से करीब एक हजार सैंपल उठाए थे। इन सैंपलों को जांच के लिए राजधानी भेजने की प्रक्रिया में दिवाली के बाद के माहभर बीत गया था। जांच होने और मानक-अमानक की रिपोर्ट आने में तीन से चार महीने बीत गए।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि कितने सैंपल अमानक मिले और उनके खिलाफ किस तरह की कार्रवाई हुई। इस बार भी राज्य में दिवाली के दो-तीन दिन पहले एक्टिव हुई टीम कुछ दुकानों में जाकर सैंपल ने की औपचारिकता पूरी की। दिवाली पर बिकने वाली लाखों की मिठाई तैयार करने दूसरे राज्यों से बड़ी मात्रा में मावा भी यहां पहुंचा, मगर जांच टीम एक भी खेप पकड़ने में सफल नहीं हो पाई।



- पिछले त्योहार के अमानक सैंपलों पर कार्रवाई का पता नहीं, इस बार भी पूरी हुई औपचारिकता
- दूसरे राज्यों से बड़ी मात्रा में प्रदेश में आया मावा, जांच करने वालों के हाथ एक भी खेप नहीं

### मामलों में जुर्माना

अमानक मिलने वाले खाद्य पदार्थों के मामले में जुर्माने का प्रावधान है। विभागीय अफसरों का कहना है, किसी खाद्य पदार्थ के सैंपल फेल होने के बाद प्रकरण तैयार कर उसे सक्षम न्यायालय में पेश किया जाता है। पूर्व में ऐसे मामलों में सजा का प्रावधान था, मगर अब संबंधित कारोबारियों को आर्थिक रूप से दंडित किया जाता है। पिछले दिनों एक केंद्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान की कैंटीन के संचालक पर जुर्माना किया गया था।

### निचले स्तर के अफसर को जिम्मेदारी

खाद्य पदार्थों की जांच की जिम्मेदारी निचले स्तर के अधिकारी को दिए जाने के बाद विभागीय स्तर पर भी नाराजगी फैली हुई है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि संबंधित अफसर अभिहित अधिकारी भी नहीं है, मगर उसे राज्य में लिए जाने वाले सैंपलों की निगरानी का काम दिया गया है। उनकी कार्यशैली और व्यवहार को लेकर भी सीनियर और समकक्ष अफसरों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

### मामला लंबित

1. जुलाई में भाठागांव में नकली पनीर बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई।
2. जुलाई में ही शंकर नगर में इंटीग्रेटेड पनीर का मामला पकड़ा गया।
3. जनवरी में कबीरधाम में स्टोन पावडर मिलाकर गुड़ बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ाई।
4. दिसंबर के अंतिम दिनों में निमोरा और बीरगांव में पामआइल से पनीर बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ाई।

## खबर संक्षेप

### मां धूमावती अलक्ष्मी गमन महायज्ञ कल

**रायपुर।** पुरानी बस्ती श्री शीतला माता मंदिर मां धूमावती सिद्धपीठ में रविवार 19 अक्टूबर को अलक्ष्मी गमन नरक चतुर्दशी अनुष्ठान महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में पुजारी शीतल सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम 7 बजे आध्यात्मिक धर्मगुरु पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी द्वारा मां धूमावती अलक्ष्मी गमन हवन-पूजन और विशिष्ट अनुष्ठान महायज्ञ किया जाएगा।

### दिनरात में 9 डिग्री का अंतर

**रायपुर।** मानसून की विदाई के बाद मौसम में आए ठहराव की वजह से मौसम में गर्माहट आ गई है। दिन के साथ रात के तापमान में अभी नौ डिग्री का अंतर है मगर दोनों वक्त की गर्मी एक सी है।



अगले दो दिन तक मौसम में किसी तरह का बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद दिवाली के दिन दक्षिण और मध्य हिस्से में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर झारखंड के ऊपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया और जगदलपुर का सर्वाधिक पारा 32.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### एम्स में राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा मिशन प्रशिक्षण

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 15 से 17 अक्टूबर तक राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में संस्थान के विभिन्न विभागों के 32 डॉक्टरों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. अशोक जिंदल उप निदेशक धर्मवीर सिंह चौहान, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेनू राजगुरु उपस्थित थे। कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि सच्ची जनसेवा का सार सहानुभूति, ईमानदारी और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता में निहित है।

कई वार्डों में एक दिन के आड़ में कचरा उठाने गाड़ियां जा रहीं

# डोर-टू-डोर कचरा उठाव में हर महीने पांच करोड़ से अधिक राशि खर्च, बावजूद सफाई व्यवस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में एक ओर जहां नियमित नाली-नालों की सफाई नहीं होने से लोग परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर डोर टू डोर कचरा उठाने में हर महीने 5 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद भी डोर टू डोर कचरा उठाने में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण वार्डों में गंदगी पसरी हुई है। एक दिन पहले ही रामकी कंपनी प्रबंधन के अंतर्गत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य करने वाले कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए थे।

जिला और नगर निगम प्रशासन से मिले आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल तो खत्म कर दी, लेकिन काम पर अभी भी लौटे नहीं हैं, जिसके कारण त्योहार के दिनों में भी वार्डों में गंदगी पसरी हुई है। इधर नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि हड़ताल खत्म हो चुकी है और कर्मचारी काम पर लौट आए हैं, लेकिन किसी-किसी जोन कार्यालय क्षेत्र में कई कर्मचारियों के काम पर नहीं पहुंचने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि अगर कर्मचारी नहीं पहुंचे हैं, तो इसकी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की है, जिसका जवाब मांगा जाएगा। नगर निगम प्रशासन से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रामकी कंपनी को ठेका मिला हुआ है। इस कंपनी के अंतर्गत सात सौ से ज्यादा सफाई कर्मचारी कचरा वाहन से डोर टू डोर कचरा उठाने का कार्य करते हैं। इन सफाई कर्मचारियों को कंपनी ने 8 से 10 हजार रुपए मासिक वेतन पर रखा हुआ है, जबकि कलेक्टर दर साढ़े 12 हजार रुपए है। कर्मचारियों की पिछले कई साल से वेतन में वृद्धि भी नहीं हुई है। यही कारण है कि कर्मचारी कंपनी के विरुद्ध मोर्चा खोलकर हड़ताल पर चले गए थे। जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद कर्मचारियों को आश्वासन दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है, दिसंबर 2025 तक वेतन कलेक्टर दर पर नहीं दिया जाएगा, तो वे दोबारा हड़ताल पर जाएंगे।




### फंड की कमी से भुगतान नहीं

फंड की कमी के कारण कंपनी को भुगतान नहीं हुआ है। कर्मचारी हड़ताल खत्म कर काम पर लौट आए हैं। कहीं-कहीं से शिकायत मिली है कि कर्मचारी नहीं पहुंचे हैं। इसे चेक कराता हूं।

**- विनोद पांडेय**, अपर आयुक्त नगर निगम प्रशासन

### 50 करोड़ का भुगतान लंबित इसलिए वेतन वृद्धि नहीं

नगर निगम प्रशासन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रामकी कंपनी को हर महीने 5 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान करता है, वहीं कंपनी प्रबंधन भी हर महीने अपने सफाई कर्मचारियों को मासिक वेतन का भुगतान करता है, लेकिन बताया गया कि लगभग 10 महीने से कंपनी को नगर निगम से कोई राशि भुगतान नहीं की गई है। इसके कारण निगम प्रशासन पर कंपनी का 50 करोड़ से अधिक राशि बकाया है। यह राशि नहीं मिलने के कारण कंपनी भी सफाई कर्मचारियों का न वेतन बढ़ा रही है और न ही समय पर वेतन का भुगतान कर रही है।

### फंड की कमी से जूझ रहा नगर निगम

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार नगर निगम प्रशासन इन दिनों फंड की कमी से जूझ रहा है। यही कारण है कि रामकी कंपनी ग्रुप को भी पिछले करीब 10 महीनों से भुगतान नहीं हो पाया है। कंपनी के अंतर्गत काम करने वाले कुछ कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी यही बहाना बनाकर उनका वेतन नहीं बढ़ा रही और समय पर नहीं दे रही है कि निगम प्रशासन से उन्हें भुगतान नहीं हुआ है।

# पिछली दिवाली में 6 दिनों में बिक गई थी 62 करोड़ की शराब, इस बार 65 करोड़ से ज्यादा बिक्री की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली पर इस बार भी जमकर शराब की बिक्री होगी। रायपुर जिले में पिछली दिवाली में धनतेरस से लेकर भाई दूज के दूसरे दिन तक करीब 62 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री हुई थी, जिससे विभाग को राजस्व के रूप में अच्छी कमाई हुई थी। चालू वर्ष में शासन ने शराब के मूल्यों में कमी की है।

इसे देखते हुए विभागीय अधिकारी भी पिछले वर्ष की तुलना में इस बार शराब की खपत ज्यादा होने का अनुमान लगा रहे हैं, जिससे आय भी 65 करोड़ रुपए से अधिक होने की संभावना है।

### त्योहार में हर दिन दोगुनी से अधिक शराब की खपत

सामान्य दिनों में रायपुर जिले में प्रतिदिन 5 से साढ़े 5 करोड़ के शराब की बिक्री होती है, वहीं त्योहारी सीजन में इसकी बिक्री दोगुनी या उससे अधिक हो जाती है। दीपावली त्योहार में भी शराब की जमकर बिक्री होती है, जिससे प्रतिदिन 10 से 12 करोड़ रुपए की शराब खप जाती है।

पिछले धनतेरस के दिन लगभग साढ़े 8 करोड़ की शराब की बिक्री हुई थी, वहीं धनतेरस के दूसरे दिन 11 करोड़ 37 लाख तीसरे दिन 11 करोड़ 48 लाख से अधिक की शराब की बिक्री हुई थी। इस तरह भाई दूज के दूसरे दिन तक 9 से 10 लाख रुपए तक की शराब की बिक्री हुई थी। यह आंकड़ा बताता है कि इस बार भी दिवाली में जमकर शराब की बिक्री होगी।



### शहर में 40 करोड़ से ज्यादा की खपत

जिलेभर में 79 शराब दुकानें संचालित हैं, जिनमें 49 दुकानें रायपुर शहर में हैं। पिछली दिवाली में करीब 62 करोड़ रुपए की शराब की खपत हुई थी। सूत्रों के अनुसार इसमें करीब 40 करोड़ रुपए की शराब रायपुर शहर में बिकी थी। इसे देखते हुए इस दिवाली में शहर में 45 करोड़ रुपए के आसपास शराब बिकने की संभावना जताई जा रही है।

### दुकानों में पर्याप्त स्टॉक हर ब्रांड की मिलेगी शराब

आबकारी विभाग के जिला अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि वैसे तो हर दिन शराब दुकानों में पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था रहती है, लेकिन दीपावली त्योहार पर इसकी खपत बढ़ने के कारण अतिरिक्त स्टॉक भी किया गया है। सभी शराब दुकानों में सभी ब्रांड की शराब स्टॉक की व्यवस्था है, ताकि ग्राहक अपनी मनपसंद ब्रांड की शराब ले सके।

### ओवररेट सहित अन्य शिकायत पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

विभागीय अधिकारी ने बताया कि शराब दुकानों में ओवर रेट सहित अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि त्योहार में दुकानों का निरीक्षण करने के लिए टीम बनाई गई है, जो समय-समय पर दुकानों का निरीक्षण करने जा रही है।




दीपावली अवकाश के बाद विद्यालयों में प्रारंभ होगा मूल्यांकन का दौर

# आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार, प्रायोगिक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिका भी भेजी जाएगी क्षेत्रीय कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली की छुट्टियां समाप्त होने के बाद विद्यालयों में परीक्षा का दौर प्रारंभ हो जाएगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए सीबीएसई प्रैक्टिकल की डेट की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार नवंबर 2025 के पहले हफ्ते से स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षा, प्रोजेक्ट, इंटरनल असेसमेंट्स शुरू हो जाएंगे। हालांकि ये सभी स्कूलों के लिए नहीं है। परीक्षाएं का पैटर्न, मार्क्स अपलोड होने सहित छात्रों के बैच सहित सभी जानकारी अधिसूचना के साथ ही प्रेषित कर दी गई है। नोटिस में कहा गया है कि एग्जाम बायलॉज के अनुसार, भारत और विदेशों में स्थित सीबीएसई स्कूलों में 2025-26 सेशन के लिए प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट, इंटरनल टेस्ट एक जनवरी 2026 से शुरू होने हैं। लेकिन विंटर बाउंड एरिया के स्कूलों पर ये लागू नहीं होगा।

बोर्ड ने कहा कि ऐसे स्कूल जो ठंडे प्रदेशों में हैं, वहां ये क्लास 10 और 12 के लिए परीक्षाएं 6 नवंबर 2025 से शुरू हो जाएंगी। इन्हें 6 दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। ये तारीखें सिर्फ विंटर बाउंड स्कूलों पर लागू होंगी। रेगुलर सेशन स्कूलों पर नहीं। उनके लिए अगल से सर्कुलर जारी किया जाएगा। 2026 में सीबीएसई 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी 2026 से शुरू कर दी जाएगी। सीबीएसई बोर्ड एग्जाम 2026 डेटशीट डिटेल शेड्यूल के साथ दिसंबर तक जारी की जाएगी।

### सूची में जिनके नाम, वे ही पात्र

सीबीएसई ने अधिसूचना जारी कर स्कूलों को निर्देश देते हुए कहा है कि उन्हें उन अभ्यर्थियों की अंतिम सूची तैयार करनी होगी जो परीक्षा में बैठने के लिए पात्र हैं। यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी छात्र, जिसका नाम बोर्ड को ऑनलाइन लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स में प्रस्तुत नहीं किया गया, व्यावहारिक परीक्षाओं, परियोजनाओं या आंतरिक मूल्यांकन में न बैठे। कक्षा दसवीं का आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार होगा। सभी स्कूलों को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार आंतरिक मूल्यांकन अंक भरने होंगे। बाह्य परीक्षकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के लिए क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करने कहा गया है। परीक्षाओं का समय पर समापन कर और प्रायोगिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं क्षेत्रीय कार्यालयों भेजने कहा गया है।







जन्मदिन की बधाई...
धनतेरस
फौलादी इरादों वाले
छगन लाल मुंदड़ा जी
(वरिष्ठ भाजपा नेता)
यश-कीर्ति की आभा से दमकता रहे
आपका जीवन कर्मठ, समर्पित
व्यक्तित्व का...
आप शतायु हो-दीर्घायु हो !
ATUL PUBLICITY
प्रदेशवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें... RM GROUP


DMart®
Daily Discounts Daily Savings
त्यौहार की सारी खुशियाँ अब बजट में
शॉप ऑनलाइन
DMart ready
Google Play
App Store
अतिरिक्त जीएसटी बचत के साथ**
फूड एण्ड ग्रोसरी
₹45 सिर्फ लूज चीनी 1 किलो
₹59 सिर्फ लूज वाडा कोलम चावल 1 किलो
₹81 सिर्फ लूज बिरयानी चावल 1 किलो
₹32 सिर्फ लूज गेहूँ आटा 1 किलो
₹123 सिर्फ लूज मूंगफली 1 किलो
₹101 सिर्फ लूज मूंग दाल 1 किलो
₹75 सिर्फ लूज चना दाल 1 किलो
₹101 सिर्फ लूज लातूर तुअर दाल 1 किलो
₹49 सिर्फ लूज पतला पोहा 1 किलो
₹79 सिर्फ लूज चावल पापड 1 किलो
₹79 सिर्फ लूज रोस्टेड पोहा 1 किलो
₹59 सिर्फ प्रीमियम गुड 900 ग्राम मूल कीमत ₹90
₹43 सिर्फ प्रीमिया मैदा 1 किलो मूल कीमत ₹62
₹47 सिर्फ प्रीमिया रवा 1 किलो मूल कीमत ₹67
₹87 सिर्फ प्रीमिया बेसन 1 किलो मूल कीमत ₹118
₹26 सिर्फ मकई पोहा 400 ग्राम मूल कीमत ₹40
₹40 सिर्फ नारियल 1 पीस
₹33/₹79 सिर्फ इलायची ग्रीन ईको 10 ग्राम/25 ग्राम मूल कीमत ₹53/₹123
₹239 सिर्फ इंडियन किशमिश 500 ग्राम मूल कीमत ₹391
₹439 सिर्फ काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹702
₹385 सिर्फ स्वाद पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹550
₹363 सिर्फ स्वाद बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹503
₹269 सिर्फ मिक्स ड्रायफ्रूट 500 ग्राम मूल कीमत ₹407
₹326 सिर्फ गोल्डन डिलाइट्स असोर्टेड ड्रायफ्रूट्स 300 ग्राम मूल कीमत ₹652
₹351 सिर्फ गोल्डन मोमेंट असोर्टेड ड्रायफ्रूट्स 300 ग्राम मूल कीमत ₹702
₹420 सिर्फ फेस्टिव डिलाइट कलेक्शन प्रीमियम ड्रायफ्रूट्स 400 ग्राम मूल कीमत ₹840
₹445 सिर्फ फेस्टिव कलेक्शन प्रीमियम ड्रायफ्रूट्स 400 ग्राम मूल कीमत ₹890
दिवाली स्पेशल
₹92/₹149 सिर्फ टी लाइट कैण्डल 30/50 पीस मूल कीमत ₹110/₹180
₹149* से आगे दिवाली एलइडी डेको लाइट्स
₹55 सिर्फ क्ले दिया 4 पीस पैक मूल कीमत ₹60
₹55* से आगे दिवाली गन
गिफ्ट आर्टिकल्स
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त बेला वीटा युनिसेक्स परफ्यूम गिफ्ट पैक 4 पीस x 20 मि.ली. मूल कीमत ₹649
55% छूट मूल कीमत पर नटराज विशेष ड्रायफ्रूट गिफ्ट पैक (सभी श्रेणी)
35% छूट मूल कीमत पर बिकाजी रिश्ते स्वीट एण्ड नमकीन गिफ्ट पैक (सभी श्रेणी)
12% छूट मूल कीमत पर हल्दीराम्स स्वीट एण्ड नमकीन गिफ्ट पैक (सभी श्रेणी)
35% छूट मूल कीमत पर कैडबरी सेलिब्रेशन्स गिफ्ट पैक (मूल कीमत ₹50 से ऊपर की सभी श्रेणी पर)
25% छूट मूल कीमत पर फेरेरो रोचर (मूल कीमत ₹185 से ऊपर की सभी श्रेणी पर)
₹210 सिर्फ अमूल अवसर काजू कत्री 200 ग्राम मूल कीमत ₹230
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त आकाश सोहन पापडी 400 ग्राम मूल कीमत ₹150
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त हल्दीराम्स बेसन लड्डू 500 ग्राम मूल कीमत ₹320
₹99 सिर्फ नाकोडा रसगुल्ला टीन 1 किलो मूल कीमत ₹240
त्यौहार के लिये फैशन
₹199* से आगे गर्ल्स फ्रॉक
₹399* से आगे गर्ल्स फैशन फ्रॉक
₹199* से आगे गर्ल्स टॉप
₹79* से आगे बॉइज एण्ड गर्ल्स टी शर्ट
₹399* से आगे बॉइज कार्गो पैंट
₹199* से आगे लेडीज लॉन्ग कुर्तीज
₹199* से आगे गर्ल्स जीन्स
₹299* से आगे बॉइज एण्ड गर्ल्स कुर्ता
₹185* से आगे किड्स शूज
₹199* से आगे बॉइज शर्ट
₹199* से आगे बॉइज एण्ड गर्ल्स डेनिम
₹99* से आगे लेडीज दुपट्टा
₹199* से आगे लेडीज एंकल कॉटन स्ट्रेच लेगिंग्ज
₹599* से आगे कुर्ती सेट
₹99* से आगे लेडीज टी शर्ट
₹149* से आगे लेडीज फैन्सी टॉप
₹349* से आगे लेडीज जीन्स
₹74* से आगे लेडीज स्लिपर
₹279* से आगे लेडीज सैण्डल्स
इलेक्ट्रिकल अप्लायन्सेज
₹129* से आगे ट्यूब लाइट
₹130 सिर्फ एवरेडी AA और AAA बैटरीज 10 पीस मूल कीमत ₹180
₹399* से आगे ड्राय आयरन
₹299* से आगे ब्रांडेड एक्स्टेंशन बोर्ड और पावर स्ट्रिप
₹39* से आगे एलइडी 9 वॉट
₹499* से आगे इलेक्ट्रिकल केटल
₹1,749* से आगे इलेक्ट्रिकल मिक्सर
₹1,395* से आगे इलेक्ट्रिकल न्यूट्री ज्यूसर
बेड एण्ड बाथ
₹935 सिर्फ कारपेट मॉडर्न 120 सेमी x 180 सेमी मूल कीमत ₹1,115
₹249 सिर्फ वेलस्पन बाथ टावल 100% कॉटन 70 सेमी x 140 सेमी मूल कीमत ₹285
₹149 सिर्फ सिंगल बेडशीट 140 सेमी x 225 सेमी मूल कीमत ₹170
₹149 सिर्फ पर्दे 112 सेमी x 150 सेमी मूल कीमत ₹230
₹399 सिर्फ फायबर तकिया 40 सेमी x 60 सेमी 2 पीस मूल कीमत ₹500
किचनवेयर
₹209 सिर्फ स्टील कॉम्बो सेट 6 पीस मूल कीमत ₹420
₹92* से आगे सिरेमिक मग सेट 6 पीस
₹185* सिर्फ मैग्नस स्टील कैसेरोल 1.1 ली मूल कीमत ₹756
₹99* से आगे ग्लास सेट 6 पीस
₹1,489* सिर्फ बटरफ्लाय स्टेनलेस स्टील कुकर कर्व 3 ली मूल कीमत ₹3,646
₹1,119* से आगे पिजन नॉन-स्टिक रेड गिफ्ट सेट 7 पीस
₹99 सिर्फ दाल कंटेनर सेट 1400 मि.ली. 3 पीस मूल कीमत ₹160
₹1,589 सिर्फ पिजन एल्युमीनियम कुकर 2 ली/3 ली/5 ली कॉम्बो 3 पीस मूल कीमत ₹3,195
₹399 सिर्फ प्लास्टिक बिग कंटेनर 5ली/7ली/10ली/15ली सेट 4 पीस मूल कीमत ₹550
₹129 सिर्फ प्लास्टिक कंटेनर सेट 7 पीस मूल कीमत ₹155
₹199* से आगे कैसेरोल 2100 मि.ली.
₹399* से आगे मेलामाइन डिनर सेट 20 पीस
₹99* सिर्फ फ्लेक्सी लंच बॉक्स
डेली एसेंशियल्स
₹1,949 सिर्फ सफोला ॲक्टिव ऑइल जार 12.75 किलो मूल कीमत ₹2,805
₹572 सिर्फ अमूल घी रिफील 1 लि. मूल कीमत ₹650
₹394 सिर्फ नटराज कैलिफोर्निया बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹599
₹475 सिर्फ नटराज काजू 500 ग्राम मूल कीमत ₹699
₹459 सिर्फ नटराज पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹699
₹165 सिर्फ गिट्स गुलाब जामुन मिक्स बॉक्स 500 ग्राम मूल कीमत ₹217
₹93 सिर्फ मैगी मसाला नूडल्स 560 ग्राम मूल कीमत ₹120
₹224 सिर्फ हल्दीराम्स भुजिया सेव 1 किलो मूल कीमत ₹275
₹99 सिर्फ सायकल ऑल इन 1 अगरबत्ती 191 पीस मूल कीमत ₹150
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त डाबर आल्मंड हेयर ऑइल 485 मि.ली. मूल कीमत ₹350
₹199 सिर्फ मैसूर सैंडल साबुन 450 ग्राम मूल कीमत ₹243
₹258 सिर्फ कोलगेट स्ट्रॉंग टूथपेस्ट 500 ग्राम मूल कीमत ₹350
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त निविया बॉडी मिल्क नरिशिंग लोशन 600 मि.ली. मूल कीमत ₹760
₹229 सिर्फ स्टेफ्री सेक्युअर XL पैड्स 40 पीस मूल कीमत ₹275
₹266 सिर्फ फियामा सेलिब्रेशन्स पैक जेल बार 4x125 ग्राम मूल कीमत ₹449
₹250 सिर्फ गुडनाईट गोल्ड फ्लैश रिफील 4x45 मि.ली. प्रति पीस मूल कीमत ₹325
₹199 सिर्फ ओडोनिल एअर फ्रेशनर मिस्टीक 4x72 ग्राम प्रति पीस मूल कीमत ₹310
₹159* सिर्फ गाला झाडू XL मूल कीमत ₹210
₹499* से आगे मेन्स एथनिक कुर्ता
₹299* से आगे मेन्स शॉर्ट कुर्ता
₹499* से आगे मेन्स जॉगर्स एण्ड कार्गो
₹279* से आगे मेन्स कैज्युअल शूज
₹99* से आगे मेन्स फैन्सी टी शर्ट
₹199* से आगे मेन्स फॉर्मल एण्ड कैज्युअल शर्ट
₹349* से आगे मेन्स फॉर्मल ट्राउजर
₹349* से आगे मेन्स फैशन जीन्स
₹449* से आगे मेन्स कॉटन चीनोज
25% छूट मूल कीमत पर सभी ब्रांडेड मेन्स अंडरगारमेंट्स
लगेज
₹1,560* सिर्फ एरिस्टोक्रेट सिडनी प्लस ट्रॉली बैग 39 सेमी x 55 सेमी x 24 सेमी मूल कीमत ₹10,000
₹1,499* सिर्फ सफारी एसर नियो ट्रॉली बैग 38 सेमी x 55 सेमी x 23 सेमी मूल कीमत ₹7,199
₹699* सिर्फ सफारी ड्रिफ्टर डफ़ल बैग 56 सेमी x 26 सेमी x 30 सेमी मूल कीमत ₹1,999
₹699* सिर्फ एरिस्टोक्रेट उम्हार एयर बैग 50 सेमी x 24 सेमी x 28 सेमी मूल कीमत ₹1,750
₹699* सिर्फ प्रायोरिटी हायकिंग बैग मूल कीमत ₹995
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
Impulse/10/25


Meetha Mahal
Happy Diwali
धनतेरस, दीपावली,
गोवर्धन पूजा एवं भाई-दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं!
Meetha Mahal
Sweets, Snacks & Restaurant
Pachpedi Naka Chowk, Dhamtari Road Raipur (C.G.)
Ph.: +91 94252 04321

RPR_Bhoomi_18_2025-07_Layout 1 10/18/2025 1:20 AM Page 1


SAMSUNG




GST
Go Save Today
Upgrade to a bigger TV and a bigger lifestyle.

19 YEARS
Global No.1 TV

SUPER BIG CELEBRATIONS
with Samsung Vision AI
इस दिवाली, हमारे बड़े ऑफर्स और बड़ी स्क्रीन के साथ अपना जश्न और भी शानदार बनाएं.
12th Sep – 31st Oct '25

Awesome India Offers*

मुफ्त* साउंडबार ₹92990 मूल्य का (1 यूनिट)
3 साल की वारंटी'
0 डाउन पेमेंट
सबसे कम EMI ₹990~ से शुरू 30 महीने^ तक
20% + 10% तक का कैशबैक# अतिरिक्त कैशबैक Samsung Axis Bank क्रेडिट कार्ड^^ पर

Neo QLED
100QN80F
Get QLED TV (75Q8F) worth ₹167990 (1 unit)
MRP ₹1336600 | Special promo price ₹644990 (1 Unit)

Crystal UHD
75U8000F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹115100 | Special promo price ₹91990 (1 Unit)

OLED
65S90F
Get up to 10% cashback#
MRP ₹230300 | Special promo price ₹177390 (1 Unit)

QLED
65Q8F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹136300 | Special promo price ₹100890 (1 Unit)

OLED
55S90F
Get Smart TV (32H4560) worth ₹15990 (1 unit)
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹179600 | Special promo price ₹137990 (1 Unit)

QLED
55Q7F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹81000 | Special promo price ₹58890 (1 Unit)

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 1800 5 7267864 for information on e-waste/plastic waste pick up.
Image simulated for representational purposes only. Results are not an endorsement of Samsung. Products sold separately. TV stand shown is for representational purpose only. Actual product may vary. Viewing experience may vary according to types of content and format. T&C apply. *Price stated above is for 1 unit and inclusive of all taxes. Stated offer is applicable on select TVs. Offer may be revised/withdrawn without prior notice. '3 year warranty (1 year standard warranty + 2 year additional Comprehensive Warranty) on selected TV models. ~EMI offer applicable on 1 m 38 cm and above TV with MSME scheme with Bajaj Finance. ^EMI tenure of 30 months is applicable on Neo QLED/ OLED/ 2 m 47 cm + TVs. EMI at the sole discretion of the financiers. Financier's terms & conditions shall apply. Samsung disclaims any liabilities with the same. #Cashback at sole discretion of Bank/NBFCs and subject to maximum capping limit. Samsung disclaims all claims and losses arising out of it. ^^10% cashback applicable as per limits: Infinite variant: ₹5000 monthly, ₹20000 annually, Signature variant: ₹2500 monthly, ₹10000 annually. Prices stated above are inclusive of all taxes. Samsung promotes responsible use of AI features. A Samsung account login may be required to access some or certain features of AI. For more details, visit https://www.samsung.com/in

samsung.com
Scan to know more

अमित सेल्स फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर संपर्क : 88199 00083 • जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर

Cheil-28839/25

बेमौसम बारिश से खेत हैं गीले और पानी घुसा तो होगा कीचड़

# नहर पानी की आपूर्ति को तत्काल रोकें धान कटाई होगी बाधित, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

मांढर नहर शाखा से खेतों की ओर आ रहा अतिरिक्त पानी अब क्षेत्र के अन्नदाताओं के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। इस समय जब खेतों में खड़ी फसलें कटाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं और ज़मीन को पानी की बिल्कुल आवश्यकता नहीं है, तब नहर का लबालब चलना किसानों की मेहनत पर पानी फेरने जैसा साबित हो रहा है।

- हार्वेस्टर क्या हाथ से कटाई में भी होगी परेशान



## खेतों में नमी कटाई में बाधा

स्थानीय किसानों का कहना है कि मौसमी बारिश और नहर से पूर्व में हुई सिंचाई के कारण खेतों में पर्याप्त नमी मौजूद है। अब किसी भी अतिरिक्त जल की आपूर्ति सीधे तौर पर फसल कटाई की प्रक्रिया को बाधित करेगी। यदि पानी की निकासी तुरंत नहीं रोकी गई, तो खेतों में कीचड़ हो जाएगा, जिससे हार्वेस्टिंग मशीनों का प्रवेश असंभव हो जाएगा और मजदूरों द्वारा कटाई भी अत्यंत कठिन व विलंबित हो जाएगी। इससे फसल को समय पर मंडी तक पहुँचाने में देरी होगी, जिससे गुणवत्ता प्रभावित होने और संभावित नुकसान का खतरा मंडरा रहा है।



## कांग्रेस अध्यक्ष वर्मा ने उठाई आवाज़

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा सहित क्षेत्र के कई प्रमुख किसान नेताओं ने सिंचाई विभाग और स्थानीय प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की माँग की है। दुर्गेश वर्मा ने कड़े शब्दों में कहा, /"यह विडंबना है कि जब किसानों को पानी की सख़्त ज़रूरत होती है, तब आपूर्ति कम होती है, और जब कटाई का समय आता है, तो नहरें भरी हुई हैं। हमने स्पष्ट रूप से माँग की है कि किसान हित में नहर शाखा में आ रहे पानी को तत्काल बंद किया जाए। किसान अपनी फसल बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रशासन को समझना चाहिए कि जल प्रबंधन में यह लापरवाही सीधे तौर पर किसानों की आजीविका पर चोट है। किसान नेताओं ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि उनकी माँग को नज़रअंदाज़ किया गया और पानी की आपूर्ति जारी रही, जिससे उनकी कटाई प्रभावित हुई, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। उन्होंने ज़िला प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाते हुए, फसल की मौजूदा स्थिति का आकलन करने और अविलंब नहर के गेट बंद करने की अपील की है ताकि किसान अपनी खरीफ की फसल सुरक्षित निकाल सकें।

## पालिका अध्यक्ष ने दिवाली पर्व पर दी शुभकामनाएं

**तिल्दा नेवरा।** नगर पालिका के सभागार में आज शुक्रवार दोपहर को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला डॉक्टर खुमान वर्मा द्वारा नगर पालिका के समस्त सफाई मित्रों सहित सभी नगर पालिका कर्मचारियों को दीपावली का उपहार दिया गया और दीपावली की शुभकामनाएं भी उनके द्वारा दी गई। इस अवसर पर डॉक्टर खुमान वर्मा, पार्षद ईश्वर यदु, सतीश निषाद, सहित नगर पालिका के सीएमओ अनीश ठाकुर भी उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष के इस पहल का सभी कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की एवं बधाई दी।



## पीसीसी के पूर्व प्रभारी का किया गया स्वागत

**अभनपुर।** एआईसीसी सदस्य एवं पीसीसी के पूर्व प्रभारी महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन का भानुप्रतापपुर (कांकेर) प्रवास के दौरान अभनपुर बस स्टैंड में देवांगन समाज एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, महामंत्री फतीश साहू, टिकेंद्र बघेल, नगर देवांगन समाज अध्यक्ष गिरधारी देवांगन, सचिव भरत देवांगन, जयवर्धन बघेल, राकेश बघेल, पार्षद नीलकमल गिलहरे, डोमेंद्र साहू, कमलेश बंजारे, सुशील शर्मा, रविश देवांगन, भुलाऊ देवांगन, विश्वंभर देवांगन, राजकुमार देवांगन, सोनजीत ध्रुव,बादल हरवंश, नीरज हरवंश, राहुल देवांगन, पप्पू देवांगन, भगत सरदार, कुलदीप साहू, आर्यन देवांगन, देवांश देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।









## बिजनेस साइट

# धनतेरस पर यूनिवर्सल सर्विसेज में बंपर ऑफर, स्मार्ट सेविंग्स का सुनहरा मौका




**रायपुर।** धनतेरस और दीपावली के शुभ पर्व पर यूनिवर्सल सर्विसेज ने ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स की सौगात दी है। सिटी कोतवाली चौक और मेन रोड शंकर नगर स्थित इस इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में 'अभी नहीं तो कभी नहीं' ऑफर्स के तहत स्मार्ट सेविंग्स का मौका मिल रहा है। त्योहारी मौसम को और खास बनाते हुए यूनिवर्सल सर्विसेज पर ग्राहकों को टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, साउंड सिस्टम जैसे घरेलू उपकरणों पर जबरदस्त छूट दी जा रही है। पैनासोनिक, सैमसंग, एलजी, सोनी, जेबीएल जैसे प्रमुख ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स यहां आकर्षक दामों पर उपलब्ध हैं। 'सबसे बड़ा मौका, बड़ा दिन, सस्ता ऑफर, बड़ी बचत' की टैगलाइन के साथ यूनिवर्सल सर्विसेज इस त्योहारी सीजन को यादगार बना रहा है। सीमित समय के लिए उपलब्ध इन ऑफर्स का लाभ उठाने के लिए ग्राहक जल्द विजिट करें।

# धनतेरस पर धनश्री ज्वेलर्स में आभूषणों की खास रेंज




**रायपुर।** सदर बाजार स्थित गिरधर भवन के सामने संचालित धनश्री ज्वेलर्स ने दीपावली व धनतेरस के मौके पर ग्राहकों के लिए विशेष आभूषण संग्रह पेश किया है। संचालक ओमप्रकाश सोनी एवं योगेश सोनी ने बताया कि स्वर्ण, हीरा एवं चांदी के आकर्षक व कलात्मक डिजाइनों में आभूषण उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की पसंद व परंपरा को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के डिजाइनों की रेंज तैयार की गई है। आभूषणों में आईजीआई प्रमाणित ईएफ कट के हीरे, एचयूआईडी हॉलमार्क सोना तथा चांदी के बर्तन भी शामिल हैं। धनश्री ज्वेलर्स की खासियत शुद्धता, पारदर्शिता व भरोसे में निहित है। ग्राहक इन्हें उपहार और पारिवारिक अवसरों के लिए भी पसंद कर रहे हैं। त्योहारों को देखते हुए शोरूम रविवार को भी खुला रहेगा।

# रेलवे में पहली बार ड्रोन तकनीक से बिजली तारों की होगी सटीक जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय रेलवे में तकनीक के क्षेत्र में एक नई पहल की शुरुआत हुई है। पहली बार रेलवे ने ओवरहेड इक्विपमेंट की जांच के लिए ड्रोन तकनीक से थर्मल इमेजिंग और निरीक्षण की शुरुआत की है। इसकी शुरुआत शुक्रवार को रायपुर मंडल के उरकुरा ट्रैक्शन सब स्टेशन से की गई।

इस अत्याधुनिक तकनीक की मदद से अब बिजली के तारों (ओएचई) की जांच बहुत ही कम समय में और अधिक सटीक तरीके से हो सकेगी। बता दें कि कई बार ओएचई लाइनों में आने वाली तकनीकी खराबियों की वजह से ट्रेनों का संचालन दोनों दिशाओं में बाधित हो जाता है, जिससे यात्रियों को भी परेशानी होती है। ऐसे में ड्रोन आधारित थर्मल इमेजिंग के ज़रिए अब रेलवे समय रहते इन संभावित खराबियों को पहले ही पकड़ सकेगा। इससे न केवल ट्रेनों की सुरक्षा और समयबद्धता बढ़ेगी, बल्कि मेंटेनेंस टीम को भी रखरखाव में काफी सहूलियत होगी। यह पहल भारतीय रेलवे को भविष्य की एआई आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस प्रणाली की ओर भी अग्रसर करेगी।




*रायपुर से रेलवे की नई पहल : ड्रोन के जरिए जांच का सिस्टम देश में अभी रायपुर में ही शुरू हुआ है। तकनीक सफल होने के बाद इसका विस्तार पूरे जोन में किया जाएगा। इसके अलावा दूसरे मंडल व जोन में भी इस उपयोग में लाया जा सकता है। बता दें कि ओएचई में समस्या ज्यादातर गर्मी के मौसम में देखने को मिलती है। कई बार बारिश में भी तुफान की वजह से समस्या आ जाती है। ड्रोन तत्काल जांच करने में मददगार साबित होगा।*

## ड्रोन तकनीक बताएगी खराबी

*भारतीय रेलवे ने पहली बार ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल ओवरहेड वायर की थर्मल इमेजिंग और जांच के लिए शुरू किया है। इस तकनीक से पता लगाया जा सकता है कि तारों में कोई कनेक्शन ढीला तो नहीं है, या कहीं ज्यादा गर्मी तो नहीं बन रही है, जिससे कोई खराबी हो सकती है। अधिकारियों का दावा है कि ड्रोन से निगरानी करने से रेलवे की सुरक्षा, भरोसेमंद सेवा और रखरखाव में काफी सुधार होगा। ये कदम भविष्य में एआई तकनीक की मदद से समय से पहले खराबी का अंदाजा लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर बजरंग अग्रवाल (अपर मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर), अनुराग तिवारी (वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/ऑपरेशन, रायपुर), प्रतीक मिश्रा (वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, रायपुर), अमित गुप्ता (वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस, भिलाई), विवेक पटेल (वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/इलेक्ट्रिकल जनरल, रायपुर) तथा अभिनव कुमार राठौर (मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, रायपुर) उपस्थित रहे।*

# डीजी कांफ्रेंस होगी आईआईएम नवा रायपुर में, सीएस ने ली बैठक नियुक्त होंगे नोडल अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 28 से 30 नवंबर तक तीन दिवसीय डीजीपी और आईजीपी का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) शामिल होंगे। सम्मेलन का आयोजन आईआईएम, नवा रायपुर में किया जाएगा।

*सीएस ने ली उच्च स्तरीय बैठक : राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव विकासशील ने शुक्रवार को मंत्रालय (महानदी भवन) में उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सम्मेलन की सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण करने और उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आयोजन की सुचारु व्यवस्था के लिए विभिन्न नोडल अधिकारियों की तत्काल नियुक्ति करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव ने सम्मेलन स्थल पर आने वाले डेलीगेट्स के आवागमन, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं आवास व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने रायपुर के सर्किट हाउस, प्रशासन अकादमी और अन्य स्थानों पर अतिथियों के लिए उच्च स्तरीय सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

*शामिल हुए ये अधिकारी : बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, प्रमुख पुलिस अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, एनआरडीए, संस्कृति विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।*

# धनतेरस और दीपावली पर रवि ज्वेलर्स में आभूषणों की खास रेंज



**रायपुर।** देशभर में दीपावली की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है और इसी के साथ बाजारों में खरीदारों की चहल-पहल भी बढ़ गई है। धनतेरस के शुभ अवसर पर लोगों में कीमती आभूषणों की खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर के सदर बाजार, नाहटा मार्केट स्थित रवि ज्वेलर्स ने इस त्योहार पर ग्राहकों के लिए स्वर्ण और हीरे के आभूषणों की एक विशेष संग्रह पेश की है, जो इन दिनों ग्राहकों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। रवि ज्वेलर्स के संचालक रवि वासवानी ने बताया कि धनतेरस और दिवाली के पावन पर्व पर शुभ मुहूर्त में की गई खरीदारी को विशेष रूप से फलदायक माना जाता है। इस परंपरा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सोने और हीरे के नवीनतम डिजाइन वाले आभूषणों की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई है, जो हर उम्र और स्वाद के अनुसार ग्राहकों को लुभा रही है।




# धनतेरस पर वनप्लस का धमाका : लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स में शानदार ऑफर्स-बंपर बचत




**रायपुर।** धनतेरस के शुभ अवसर पर लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड शॉपिंग मॉल (मालवीय रोड एवं कटोरा तालाब) में वनप्लस ने लॉन्च किया 'वनप्लस फेस्टिव सेलिब्रेशन' - जिसमें मिल रहे हैं जबरदस्त ऑफर्स और आकर्षक छूट। इस फेस्टिव सेल में वनप्लस 13, 13एस, 13आर, नॉर्ड 5, नॉर्ड सीई5 और वनप्लस पैड सीरीज जैसी लेटेस्ट डिवाइसेज पर मिल रही है 8,000 तक की स्टोर कैश छूट, 4,000 तक का इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, 0% डाउन पेमेंट और नो कॉस्ट ईएमआई की सुविधा। खास बात ये है कि हर खरीद पर मिल रहा है फ्री गिफ्ट और फेस्टिव सरप्राइज। साथ ही जीएसटी इनवॉइस के जरिए बिजनेस ग्राहकों को मिल रही है 18% तक की अतिरिक्त बचत।

## वस्त्रम विकास में पारिवारिक वस्त्रों का विशाल संग्रह




**रायपुर।** शहर की प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप वस्त्रम विकास में दीपावली को देखते हुए मेन्स वियर व लेडिस वियर की विशाल रेंज उपलब्ध है। संस्थान के संचालक केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास विगत 29 वर्षों से रायपुर सहित पूरे प्रदेश के कई परिवारों के फैशन की डिमांड को पूरा करता आया है। इसी कड़ी में दीपावली पर कई प्रकार के वस्त्रों की बेहतरीन ऑफर्स, डिजाइन एवं वैरायटीज लेकर आए हैं। दिवाली के विशेष ऑफर के तहत पुरुषों के लिए 599 रुपए में कुर्ता पैजामा और 1599 में 3 पीस कुर्ता पैजामा स्टाइलिश जैकेट के साथ मिलेंगे। इसके अलावा ब्रांडेड फैंसी साड़ी, कुर्ती, किड्स वेयर, मेन्स वेयर, सूटिंग-शर्टिंग पर 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट दी जा रही है। यह ऑफर वस्त्रम विकास की ब्रांच टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क जीई रोड, विकास टॉवर वस्त्रम सुंदरनगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड कोटा और पुरानी धमतरी रोड डूंडा में प्रत्येक कस्टमर्स को प्रदान की जाएगी।

# बस्तर में नक्सलवाद कांग्रेस की नीति के कारण सिमट रहा : दीपक बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बस्तर में नक्सलवाद पीछे जा रहा है, तो इसके पीछे कांग्रेस की नीतियां हैं। बस्तर में हमने विश्वास, विकास, सुरक्षा के मंत्र को लेकर पांच सालों तक जो काम किया, उसी का परिणाम है कि आज सफलता मिल रही है।

हमारी सरकार ने दूरस्थ एरिया में सड़कें बनवाईं, 15 सालों की भाजपा सरकार में जहां राशन नहीं पहुंच पाता था, लोगों को और फोर्स को महीनों राशन का इंतजार करना पड़ता था, वहां तक सड़कें बनवाईं। रिमोट एरिया में सुरक्षा बलों के कैंप बनाए। श्री बैज ने कहा, कांग्रेस की सरकार ने सुरक्षा बलों और स्थानीय निवासियों के बीच बेहतर समझ का माहौल तैयार किया, लोगों का भरोसा सुरक्षा बलों के प्रति बढ़ा। बस्तर में बंद सैकड़ों स्कूलों को फिर से चालू किया। 65 से अधिक वनोपजों को खरीदने की व्यवस्था की, उनका वैल्यू एडिशन किया, बस्तर में डेनक्स जैसे संस्थानों की स्थापना की, अबूझमाड़ में पुल बनाया। रोजगार के साधन बनाए।






हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025








अखंड समृद्धि का
अमूल्य वरदान
धनतरेस के
शुभ संयोग में घर लाएं
ज्वेलर्स अशोक ब्रदर्स के
शुद्ध आभूषण और पाएं
अखंडता का अमूल्य
वरदान जीवनभर के लिए...
सोने एवं चांदी के
पारम्परिक आभूषणों के
निर्माता व विक्रेता
शुद्ध
स्वर्ण एवं रजत
सिक्के उपलब्ध
डायमंड एवं स्वर्ण आभूषण
चाँदी के गिफ्ट ऑर्टिकल्स
ATUL PUBLICITY
ज्वेलर्स
अशोक ब्रदर्स
मस्ज़िद के सामने, हलवाई लाइन,
रायपुर फोन : 9907895000, 9425214176
अशोक ज्वेलर्स
मेन रोड, गोगांव, गुढ़ियारी, रायपुर
मोबाइल : 9806710330

## दीपावली के त्योहार पर मिट्टी के दीयों का बाजार सजा

# स्वदेशी की धमक और दीए की चमक

डॉ घनश्याम बादल

दीप पर्व दिवाली का छोटा सा दीया अपनी टिमर-टिमर रोशनी के साथ बहुत बड़ा संदेश देता है। नन्हा-सा दीपक कहता है कि दीपावली, प्रकाश का पर्व है। हर दीया संदेश देता है कि जीवन में सबके साथ हिलमिल कर रहने, खुशियों की रोशनी बांटने, सबके जीवन में सुख का उजास भरने और सबको मधुरता का अहसास कराने का ही दूसरा नाम है दीवाली। यह व्यष्टि नहीं समझती का पर्व है, यानी अकेले आप कितना चमकें, कितना जलें, पर दीवाली नहीं बन सकती। समष्टि, व्यष्टि और देश व समाज की खुशहाली का महापर्व है दीपावली। जो एक नहीं, अनेक संदेश लेकर आता है।

**सर्वजन हिताए का भाव:** दीवाली का पर्व संदेश देता है कि जैसे दीपक प्रकाश के लिए है, वैसे ही व्यक्ति समाजहित के लिए है। यदि दीया प्रकाश बांटने में कोई योगदान नहीं करता है, तो महज मिट्टी का आग में पका पिंड मात्र है, उसकी कोई महत्ता नहीं है। इसी प्रकार यदि व्यक्ति भी केवल अपने तक सीमित है, वह राष्ट्र, धर्म और समाज के लिए कुछ नहीं कर रहा है, तो उसका भी होना न होना बराबर है।



### पांचों तत्वों का समभाव: इतना ही नहीं, हिल

मिलकर रहने के संदेश के रूप में दीया यह इंगित करता है कि उसकी महत्ता महज उसकी वजह से नहीं, बल्कि बाती और तेल के कारण है। जब तक ये तीनों हिल-मिलकर रहते और कार्य करते हैं, तभी तक समाज को रोशन कर सकते हैं। तीनों एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। साथ-साथ हों तब भी बात नहीं बनती, उसके लिए भी अग्नि चाहिए, तूलिका चाहिए। यानी प्रकाश अपने आप में जीवन के पांच तत्वों को समेटे है, जो प्रतीक रूप में जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी और आकाश का प्रतिनिधित्व करते हैं, दीए, तेल, बाती, आग और तूलिका के रूप में।

### बांटें हर्ष और प्रकाश

यदि हम देश, समाज और जरूरतमंदों के लिए कुछ नहीं करते, तो सब व्यर्थ है। अर्थ होने पर भी अर्थहीन है। समाज के लिए कुछ नहीं करने वाला व्यक्ति। पर क्या आज इस छिपे संदेश को हम पढ़ और समझ पा रहे हैं? अगर समझते, तो दिखावे पर धन न फूंकते, दुखियों के दुख को देख कर भी अनदेखा न करते, अपितु दीए की तरह खुशियां बांटते।

### समष्टि के प्रकाश का पर्व

दीपावली में 'पांच' का बड़ा महत्व है। यह सृष्टि के पंचतत्वों, पंचपुण्यों, पंचविकारों, मिष्टान्नों और पांच दीयों से शुरू होने वाला पर्व है। कार्तिक मास की अमावस्या को हम समष्टि के प्रकाश का पर्व बना सकते हैं। मिल-जुलकर रहने का संदेश दे सकते हैं। जैसे प्रकाश पर्व अकेला नहीं आता, बल्कि अपने साथ पांच पर्व, धनतेरस, रूपचतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और यमद्वितीया लेकर आता है। वैसे ही हम भी सात्विक विचारों और गुणों को जोड़कर, खुद दीए जैसे बनकर, दीवाली की रोशनी को कहीं ज्यादा सार्थक बना सकते हैं।

### मिलकर दें झिलमिल प्रकाश



मिथकों में कहा गया है कि इन पांचों पर्वों की पूजा से चंचला लक्ष्मी स्थिर रूप से उस घर में विराजती हैं, जहां कम से कम पांच लोग मिलकर पूजा करते हैं। धन, यश, वैभव, ज्ञान और बुद्धि की प्राप्ति के लिए दीवाली मनाने का उल्लेख वेदों में है। इससे भी सबक लें हम। धर्म, जातिवाद, संप्रदायवाद, क्षेत्रियतावाद, संकीर्णता और सामाजिक कुरीतियों को नष्ट कर अपनी लक्ष्मी को स्थिर करने का प्रण लें इस बार दीवाली पर।

### जोड़ें राम आयाम: दिवाली

हिंदुओं का पर्व है और हिंदू इसे अपने तौर-तरीकों, रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुसार मनाने के लिए स्वतंत्र हैं। उनके लिए राम के अयोध्या लौटने का बड़ा महत्व है। रावण का वध करके दशरथ पुत्र राम अयोध्या वापस आते हैं और बाद में उसे समृद्ध व आदर्श राज्य बनाते हैं। उसी तरह हम भी दिवाली के पर्व पर राम को महज दशरथ पुत्र राम की वापसी न मानकर, राम रूपी तत्व में नए आयाम जोड़कर कुछ इस तरह मनाएं कि सत्य, न्याय, मर्यादा, संस्कृति और अच्छाइयों का रामराज्य स्थापित हो सके। इसके लिए हमें अपने अंदर के उस रावण को मारना होगा जो हमारी नैतिकता, उज्ज्वल चरित्र और अच्छे विचारों को मार रहा है।

### प्रदर्शन नहीं, दर्शन

दिवाली पर हम मिट्टी के दीए जलाकर गरीबों के घर में दिवाली का प्रकाश भेजें, जो हमारी ओर आशा भरी निगाहों से निहारते हैं। संपन्नता का प्रदर्शन भारत में कभी भी अच्छा नहीं माना गया है। हम संपन्न हों, लक्ष्मीपुत्र बनें, इसमें बुराई नहीं है, लेकिन अगर हम अपने आसपास के दुखी लोगों के चेहरों पर एक मुस्कान ला सकें, तो इससे बड़ी संपन्नता और आत्म-संतुष्टि दूसरी नहीं हो सकती।

### सूरज न सही, जुगनू तो बनें

जैसे एक छोटा सा दीप घनघोर अंधेरे में जलता है और जितना हो सके प्रकाश करके अंधकार को लगातार चुनौती देता है, उसी तरह हम भी अपनी जिजीविषा और नेक कमाई के जरिए इस घने अंधेरे में एक दीपक बनकर किसी के जीवन में चमक ला सकते हैं। सूरज न सही, जुगनू तो बन ही सकते हैं।

### दीप नहीं, दीपमाला बनें

यह सोचना कि एक अकेले से भला क्या होने वाला है, उचित नहीं है। क्योंकि अगर हर दीया यह सोचने लगे कि उस अकेले के जलने से क्या होगा, तो फिर दीपावली यानी दीपमाला अथवा दीपों की पंक्ति कैसे बनेगी और अंधेरा कैसे हारेगा? इसी तरह मानव एक इकाई के रूप में जितना बन सके, उतना करे और समष्टि के हितभाव के साथ मिलकर परोपकार की उजास फैलाए।

# दीयों की सजावट करें कुछ अलग तरीके से

श्रुति आयंगर



दिवाली के मौके पर घर को सजाने का सबसे सुंदर और ट्रेडिशनल तरीका होता हैं मिट्टी के दीये। इनकी रोशनी से पूरा घर आंगन जगमगा उठता हैं। बाजार में डिजाइनर दीये आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन अपने हाथों से सजाएं गए दीयों की बात की अलग होती हैं। आइए जानते इन दीयों को सजाने के ट्रेंड के बारें में। दिवाली में मिट्टी के दीये न केवल परंपरा का प्रतीक हैं बल्कि आज के ट्रेंड में यह स्टाइलिश डेकोरेशन आइटम भी बन चुके हैं। पहले इन्हें घरों में सिंपल तरीकों से सजाया जाता था, लेकिन आजकल मार्केट में डिफ्रेंट तरह से डिजाइनर दीये और उन्हें सजाने के नए-नए तरीके देखने को मिलते हैं। अगर आप इस बार की दिवाली में अपने घर को कुछ अलग अंदाज में सजाना चाहती हैं, तो मिट्टी के दीयों को खुद घर पर खूबसूरत तरीकों से सजाना एक बड़यिा आइडिया हैं। इससे आपका घर तो जगमगाएगा ही, साथी ही आपकी क्रिएटिविटी भी निखरेगी।

### पेंटेड दीये

दिवाली पर पेंटेड दीये हमेशा से ही ट्रेंड में रहते हैं और दिखने में बेहद खूबसूरत होते हैं जो दीयों को आर्टवर्क जैसी सुंदरता देते हैं। इसके लिए दीयों को अच्छी तरह से साफ करके अपने पसंद के कलर से ऐक्रिलिक कलर से पेंट कर लें। बेस कलर सूखने के बाद दीयों पर दूसरे कलर से किनारों पर, अंदर की तरफ छोटे फूल, ॐ, मंडला पैटर्न, फ्लोरल जैसे मोटिफ डिजाइन बना लें। बॉर्डर पर गोल्ड या सिल्वर आउटलाइन बनाकर हल्का ग्लिटर पाउडर भी छिड़क सकते हैं। पूजा घर के लिए व्हाइट और गोल्डन, बालकनी या गार्डन या कॉर्नर के लिए ग्रीन और ब्लू, ड्राइंग रूम के किए रेड और गोल्ड जैसे कलर कॉम्बिनेशन चुन सकते हैं।

### स्टोन वाले स्टिकर से सजाएं

रंग-बिरंगे स्टोन वाले स्टिकर दिये आजकल ज्यादा पसंद किए जा रहें हैं। इनमें पहले से गोंद लगा होता हैं, जिससे इन्हें दियों पर चिपकाना बहुत ही आसान हो जाता हैं। ये स्टिकर कई रंगों, शेप और डिजाइन में अवेलेबल हैं जिन्हें आप दियों पर अपनी थीम के अनुसार चुन सकती हैं। छोटे स्टीकर्स को दीयों के किनारों पर या ऊपर सजाएं जबकि बड़े या फूल जैसे डिजाइन वाले स्टिकर्स को बीच में या चारों और लगाया जा सकता हैं। अंदर वाले हिस्से में भी छोटे-छोटे स्टोन लगाकर दीयों को खास बना सकती हैं। चाहें तो अलग-अलग आकार के स्टोन मिलाकर आप दीयों को और भी क्रिएटिव और ट्रेंडी बना सकती हैं। स्टीकर लगाने के बाद हल्का-सा वार्निश जरूर लगाएं। ताकि दिये लंबे समय तक बने रहें।

### कुल्हड़ के साथ सजे दीये

कुल्हड़ व दियों के कॉम्बिनेशन से सजे दीये दिवाली पर घर को नया और यूनिक देंगे। इसके लिए आप पहले कुल्हड़ को अपनी पसंद के किसी भी रंग से रंग दें। इसमें क्रिएटिविटी के अनुसार गणेश, लक्ष्मी जी, आदमी, औरत, फूल, पत्ती जैसे डिजाइन बना सकते हैं। इसके बाद आप कुल्हड़ की डिजाइन के अनुसार दिये को रंग दें, फिर इसे कुल्हड़ के ऊपर चिपका दें। आप चाहें तो दीये को बिना चिपकाए स्टैंड की तरह उपयोग भी कर सकते हैं।

### ग्लिटर कुन्दन-मोती से सजाएं

इस तरह से सजाएं गए दीये भी बहुत आकर्षक लगते हैं। इसके लिए अलग-अलग रंग के चमकीले ग्लिटर लें और दीयों के किनारों पर पूरे दीये पर लगाएं। आप चाहे तो दो-तीन शेड्स को मिलाकर ओंब्रे इफेक्ट भी दे सकती हैं। जैसे लाल से सुनहरा या नीला से सिल्वर। इसके बाद इसे कुन्दन और मोती से सजा दें। इस तरह के दीये खास कर ड्राइंग रूम साइड टेबल डेकोरेशन के लिए बेस्ट लगते हैं। इन दिनों गोल्डन ग्लिटर और कुन्दन मोती वर्क वाले दीये सेट्स काफी ट्रेंड में हैं।

### डिफ्रेंट आकार वाले दीये

आजकल मार्केट में ट्रेडिशनल गोल दीये साथ टेराकोटा के हैंडमेड दीये भी तरह-तरह के आकार में आवेलेबल हैं, जैसे मटकी के आकार में फूल, पत्ती, दिल, स्टार और कई क्रिएटिव शेप्स में मौजूद हैं। इन दीयों को और आप अपनी थीम क्रिएटिविटी के अनुसार या बताए तरीकों के अनुसार डेकोरेट कर सकती हैं जिन्हें आप अपने घर के किसी भी कोने में सजा सकती हैं। साथ ही आप इन्हें टी-लाइट दिया होल्डर्स में रखकर भी खूबसूरती से सजा सकती हैं।




DELUX MARKETING
फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक
की सम्पूर्ण रेंज
9981475490, 8120059000,9589875490
Opp.:- Sumeet Bazar, Beside Sun & Sun Jewellers,
Lakhe Nagar Dhal, Raipur (C.G.)


ना ऑफर ना लालच सिर्फ
खरा विश्वास
शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स
आपकी सतर्कता ही आपके गहनों की गारंटी है
गहनें खरीदते समय ऑफरों पर नहीं शुद्धता पर दे ध्यान।
SUNDAY OPEN
स्वर्ण • डायमण्ड • जड़ाऊ
कुंदन जड़ित आभूषण
चांदी के गहने
गिफ्ट आर्टिकल्स
CM/L-8721177
हॉलमार्किंग आभूषण
शुद्धता की परम्परा सदियों का विश्वास
शिवराज प्रकाशचंद
भंसाली ज्वेलर्स
शुद्धता की विश्वसनीयता हेतु सर्टिफाइड डायमण्ड एवं हालमार्क गहनों की ही खरीदारी करें
कोतवाली चौक, सदर बाजार 0771-2555502
हलवाई लेन 0771-2555503
VALET PARKING AVAILABLE
ATUL PUBLICITY



PCGRERA 121021001281
ASHA
PRIDE CITY
PROJECT BY..
MAKER BUILDERS & DEVELOPERS
K.L.SAHU
अपना मकान, अपना प्लॉट,
अपने बजट में...
book now
APPROVED RERA APPROVED TNC APPROVED
मार्केट, पेट्रोल पंप, स्कुल, बैंक, हॉस्पिटल सभी 5 से 6 कि.मी. की दुरी में
DIWALI SPECIAL OFFERS
धनतेरश में धन वर्षा
पाये सोना, चांदी, टी.वी.,
टू व्हीलर, विदेश यात्रा,
5 सितारा होटल में 2 दिन स्टे
Rcc Road
Community Hall
Children Play Garden
Decorative Street Light
Covered Campus
24x7 Water Supply
Underground Electricity Fitting
Water Tank 1 Lakh Ltr. Over Head
Land Scape Garden
Underground Drainage & Sewerage
BANK FINANCE AVAILABLE
गूगल लोकेशन के लिए स्कैन करें
● निवेशकों की पहली पसंद सांकरा अम्लेश्वर अब तक 500 करोड़ से अधिक निवेश,
● सरकारी बड़ा निवेश मोतीपुर चौक में हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटि
● आयुर्वेदिक दवाईयों का S. E. Z. , रिलॉयन्स का बड़ा निवेश जामगांव के पास
अब आप की बारी, मौका चूक न जाए तुरन्त साईट विजिट कर प्लॉट बुक करें
मार्केट, पेट्रोल पंप, स्कुल, बैंक, हॉस्पिटल सभी 5 से 6 कि.मी. की दुरी में
Amleshwar, Patan Road, Raipur (C.G.)
9827116968, 9898003682
*T&C APPLY कंपनी किसी भी वक्त बिना सूचना दिये ऑफर समाप्त कर सकती है


धनतेरस के
शुभ मुहुर्त में घर लाएं
लाभ और समृद्धि
RJ
वर्षों से सतत् आपकी सेवा में
इस त्यौहार कीजिए
सौंदर्य और समृद्धि में वृद्धि
रवि ज्वेलर्स के
शुभ आभूषणों के साथ...
शुद्ध स्वर्ण सिक्के उपलब्ध
आभूषणों की शुद्धता, गुणवत्ता की पहचान कुछ ही मूल्यवान लोग कर पाते है। सोने एवं डायमंड ज्वेलरी का संग्रहण का नवीनतम ट्रेंड अपडेट किया गया है। अद्भुत ज्वेलरी आपको मुंबई के प्रसिद्ध जवेरी बाजार का अनुभव करायेगा। आपके द्वारा पसंद की गई हर ज्वेलरी अनोखी होगी।
सर्वश्रेष्ठ आभूषणों की आपकी तलाश खत्म होती है यहाँ
रवि ज्वेलर्स
सी-203, नाहटा मार्केट, सदर बाजार, रायपुर फोन : 0771-2223688, 2555788 (शॉप)


ONEPLUS
ONEPLUS FESTIVE CELEBRATION
Exclusive Dhanteras Offers
This Festive Season Just Got Brighter
Lower Prices
Bigger Savings for You!
Hurry Up –
Offers valid till Dhanteras Midnight !
Never Settle
0% INTEREST DOWN PAYMENT
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
IDFC FIRST Bank
NO COST EMI UPTO 12 MONTH
UPTO ₹8000 STORE CASH DISCOUNT
+
UPTO ₹4000 INSTANT BANK DISCOUNT
ICICI Bank
AXIS BANK
RBL BANK
SBI card
GST Invoice
Save up to 18% on business purchases.
SPIN & WIN
Festive Surprise + Free Gift on Every Purchase
Lifetime Display Warranty
ONEPLUS Hai To No Tension
OnePlus 13
Stronger. Smarter. Smaller.
Never Settle
EFFECTIVE PRICE ₹57,999
OnePlus 13s
Newly Launched
Stronger. Smarter. Smaller.
Never Settle
EFFECTIVE PRICE ₹47,999
OnePlus 13R
EFFECTIVE PRICE ₹35,999
Newly Launched
OnePlus NORD 5
EFFECTIVE PRICE ₹28,999
Newly Launched
OnePlus NORD CE5
EFFECTIVE PRICE ₹21,999
Newly Launched
Get FREE Stylo 2 Worth ₹ 5990
OnePlus Pad 3
EFFECTIVE PRICE ₹42,999
Newly Launched
Get FREE Wireless Z3 Worth ₹ 1990
OnePlus Pad Lite
EFFECTIVE PRICE ₹11,990
Accessories
OnePlus Watch 2R
OnePlus Nord Buds 3r
OnePlus Buds 4
OnePlus Bullets Wireless Z3
Khanna
OnePlus Experience Stores (JBK ELECTRONICS)
SHOP NO. 2 SHYAM PLAZA (PANDRI), RAIPUR,
Ph. 0771-4060200, 90390 90009
LAXMI ELECTRONICS & SHOPPING MALL
Malviya Road, Raipur, Ph: 0771-2210000 Mo: 7000477757
Main Road, Katora Talab, Raipur, Mo: 9826139800





# मन को मूल्यों से प्रकाशित करने का पर्व...

**दीपावली विशेष**

प्रकाश का पर्व दीपावली सत्य, धर्म, एकता एवं सदाचार का संदेश देती है। इस पर्व पर हमें प्रेम और समरसता के सूत्रों को सुदृढ़ करना चाहिए। जैसे दीयों की पंक्ति मिलकर संपूर्ण वातावरण को प्रकाशित करती है, वैसे ही संपूर्ण मानव समाज श्रीराम के आदर्श मूल्यों से अपने मनों को प्रकाशमान करे। दीपावली का पर्व सिखाता है कि राम-राज्य की स्थापना अपने आचरण में त्याग, प्रेम, न्याय एवं समरसता को स्थापित करने से ही संभव है। जब तक हम श्रीराम द्वारा निर्मित मूल्यों का अनुसरण करते रहेंगे, तब तक दीप पर्व का यह प्रकाश हमारे जीवन एवं समाज में सौहार्द्र का सूत्र बनकर उजाला करता रहेगा। दीपावली के अवसर पर लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित करने एवं फुलझड़ी-पटाखे चलाने के पीछे एक गहरा दार्शनिक एवं सामाजिक कारण है, जो श्रीराम के जीवन दर्शन से सीधा जुड़ा है।

भूपेन्द्र शर्मा



दीप प्रकाश का प्रतीक है। श्रीराम का अयोध्या लौटना केवल एक राजा की वापसी नहीं थी, यह अंधकार (अधर्म पर प्रकाश) धर्म की निर्णायक विजय थी। प्रत्येक दीप उस न्याय, त्याग एवं सत्य का प्रतीक है, जो राम ने अपने वनवासकाल में स्थापित किया। लोग दीप जलाकर उस शांति, निर्भयता एवं समृद्धि के आगमन का उल्लास मनाते हैं, जो राम-राज्य की देन थी। दीपावली का पर्व हमें याद दिलाता है कि जिस प्रकार श्रीराम ने बाहरी राक्षसों का संहार किया, उसी प्रकार हमें अपने भीतर के अज्ञान, ईर्ष्या एवं दुराचार रूपी राक्षसों को पराजित करना है। दीप प्रज्वलित करना आत्म-निरीक्षण एवं सद्गुणों के विकास का आध्यात्मिक आह्वान है। पटाखों की ध्वनि एवं फुलझड़ियों की रंगीन चमक भय एवं आतंक के समाप्त होने के उत्साह का प्रदर्शन है। जिस समाज को राम ने चहुओर दुराचरणों से भयभीत करने वाले अमानुषों, अपराधियों से उऋण कराया था, उस समाज की मुक्ति का प्रचंड आनंद आतिशबाजी के रूप में अभिव्यक्त होता है। यह उस सुख-शांतिपूर्ण जीवन की पुनर्स्थापना का राजकीय स्वागत है।

*जब-जब होहि धरम हानि। बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी।।*
*तब-तब प्रभु धरि विविध शरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।।*

धरती पर जब-जब धर्म का नाश होने लगता है, मनुष्य अपने धर्म से दूर हो, अधर्म का मार्ग अपनाने लगता है, समाज में दुराचारी बढ़ जाते हैं, तब-तब ईश्वर किसी न किसी रूप में प्रकट होकर जन-पीड़ाओं को दूर करते हैं। श्रीराम का संपूर्ण जीवन इसका प्रमाण है।

*'दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज्य काहुहे नहिं व्यापा।।'*

रामचरितमानस की यह चौपाई भगवान श्रीराम द्वारा निर्मित उस स्वर्णिमकाल का उद्घोष है, जिसमें दैहिक, दैविक एवं भौतिक तीनों प्रकार के कष्टों से मुक्त जीवन था। यह चौपाई श्रीराम के आदर्श शासन (रामराज्य) का वर्णन करती है, जिसमें सभी मनुष्य परस्पर प्रेम करते थे तथा अपने-अपने धर्म का पालन करते थे। दीपावली का उत्सव, भगवान श्रीराम के लंका पर विजय उपरांत अयोध्या आगमन की केवल एक घटना मात्र नहीं है, बल्कि यह उस युग-परिवर्तन का सार्वकालिक अनुमोदन है, जहां अधर्म के अंधकार का उन्मूलन तथा धर्म, न्याय, समरसता का प्रकाश पुनर्स्थापित हुआ। यह पर्व उन समस्त दुष्ट-दुराचारियों पर सज्जनता की विजय एवं भयमुक्त जीवन की पुनर्स्थापना का प्रतीक है, जिसके लिए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने बारह वर्ष के वनवासकाल में धरती के विस्तृत भू-भाग को राक्षसविहीन किया। श्रीराम ने तत्कालीन समाज को भय एवं अत्याचार-मुक्त कर एक सौहार्द्रमय एवं सुख-शांतिपूर्ण जीवन मार्ग प्रशस्त किया। सनातनधर्मी अपने जीवन के इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर अपने अपार हर्ष, उल्लास, आनंद को व्यक्त करते हैं।

## दुष्टों से मुक्ति का महायज्ञ था श्रीराम वनवास

भगवान श्रीराम का वनगमन कोई साधारण प्रवास नहीं था। यह पृथ्वी लोक को दुराचारियों, अपराधियों से उऋण करने का एक विराट अभियान था। धर्म की रक्षा एवं जन-जन को निर्भय जीवन प्रदान करने के लिए श्रीराम का राजपाट त्यागकर जाना सुनिश्चित था। उन्होंने केवल रावण को ही नहीं मारा, उसके सहयोगी एवं समाज में अत्याचार मचाने वाले सभी बलशाली अमानुषों का संहार किया।

## बाल्यकाल से ही राक्षसों पर वार

श्रीराम ने अपने बाल्यकाल में ही ताड़का जैसी दुर्दांत राक्षसी का वध कर महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के साथ यह संदेश दिया कि अधर्म कहीं भी हो, उसे समाप्त किया जाएगा। सुबाहु का वध कर उन्होंने ऋषि-मुनियों के लिए निर्बाध तपस्या का वातावरण दिया, जो समकालीन समाज की आध्यात्मिक एवं शैक्षिक उन्नति के लिए अपरिहार्य था।

## दंडकारण्य का शुद्धीकरण

वनवास के आरंभकाल में श्रीराम ने दंडकारण्य के विशाल क्षेत्र को अनेक राक्षसों के आतंक से मुक्त कराया। यह वह भू-भाग था, जहां ऋषि-मुनि सहित सामान्य जन भयभीत होकर जी रहे थे। दंडकारण्य में श्रीराम का सर्वप्रथम सामना सीताजी का हरण करने वाले राक्षस विराध से हुआ। राम-लक्ष्मण ने मिलकर विराध का वध किया। इसी प्रकार खर-दूषण जैसे शक्तिशाली राक्षसों का संहार कर इस क्षेत्र को राक्षसविहीन बनाया। पंचवटी में खर-दूषण का संहार तत्कालीन समय में एक बड़ी विजय थी, जिसने संपूर्ण मध्य भारत के वनवासी समाज में निर्भयता का संचार किया।

## कबंध का उद्धार बाली का संहार

कबंध जैसे वीभत्स राक्षस का उद्धार करना एवं किष्किंधा के अत्याचारी राजा बाली का वध करना, श्रीराम की न्यायप्रियता तथा धर्म-स्थापना की व्यापकता को दर्शाता है। बाली का वध कर उन्होंने उसके भाई सुग्रीव को राजपाट सौंपा और न्याय के साथ मित्रता के आदर्श को स्थापित किया। श्रीराम ने न केवल दुराचारियों का नाश किया, बल्कि वहीं के सज्जनों को राजपाट सौंपकर उन्हें सुख-चैन से जीने का अवसर दिया।

## सज्जनों की पीर हरी

श्रीराम का कार्य केवल संहार तक सीमित नहीं था। उनका मूल उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना एवं समरसता स्थापित करना था। उन्होंने अपने जीवनकाल में अनेकोंनेक सज्जनों के जीवन को मंगलमय किया। निषादराज गुह को गले लगाकर श्रीराम ने सामाजिक समरसता का वह सूत्र स्थापित किया, जहां जाति या वर्ण का भेद, प्रेम एवं मानवता के सामने गौण हो जाता है। यह 'जियो एवं जीने दो' के सिद्धांत का उच्चतम उदाहरण था। शबरी के जूठे बेर प्रेम-पूर्वक खाकर श्रीराम ने उस भक्ति एवं श्रद्धा को सम्मान दिया, जो हृदय की शुद्धता में निहित है, न कि किसी बाह्य आडंबर में। यह जन-जन में परस्पर प्रेम एवं सौहार्द्र की स्थापना का सबसे मधुर पाठ था। हनुमानजी जैसे सेवक को चिर-स्थायी सम्मान देना एवं विभीषण जैसे धर्मनिष्ठ शत्रु-भाई को लंका का राजपाट सौंपना दर्शाता है कि श्रीराम ने योग्यता, भक्त एवं धर्म को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने शत्रुता को समाप्त कर, मित्रता एवं सहयोग के संबंध स्थापित किए। इस प्रकार, श्रीराम ने केवल राक्षसविहीन पृथ्वी ही नहीं बनाई, बल्कि समरसता, प्रेम एवं सामाजिकता के मार्ग को प्रशस्त कर एक ऐसा समाज निर्मित किया, जहां सभी के लिए निर्भयतापूर्वक सुख-चैन से जीने का वातावरण था।

## श्रीराम के सात अनुकरणीय गुण

**धैर्यवान:** भगवान श्रीराम के सबसे विशेष गुण हैं धैर्यवान या सहनशील होना। किसी भी इच्छा या अपेक्षा को शीघ्र ही पाने की ललक सदैव काम बिगाड़ सकती है। यदि आपके अंदर धैर्य एवं सहनशीलता है या आ जाए।

**दयालुता:** भगवान श्रीराम की तरह प्रत्येक व्यक्ति में न केवल मानव, बल्कि जीव जगत के लिए दयालुता का भाव होना चाहिए। यह गुण छवि में निखार लाता है।

**नेतृत्व क्षमता:** श्रीराम एक राजा एवं कुशल प्रबंधक होते हुए भी सभी को साथ लेकर चले। उनके इसी गुण के कारण समुद्र में पत्थरों से सेतु का निर्माण कर पाना संभव हो सका।

**आदर्श भाई:** भाई-बहनों के बीच नोक-झोंक होना एक सामान्य बात है। लड़ाई-झगड़े के बाद भी भाई-बहन के बीच आपसी प्रेम बना रहे, यह गुण भगवान श्रीराम से सीखना चाहिए। उनका अपने भाइयों के प्रति समर्पण एवं त्याग उन्हें आदर्श भाई बनाता है।

**मित्रता का गुण:** सभी को भगवान श्रीराम से मित्रता का गुण अपनाना चाहिए। क्योंकि भगवान श्रीराम ने मित्रता का रिश्ता भी पूरे दिल से निभाया था। उनके परम मित्र थे केवट, सुग्रीव, निषादराज एवं विभीषण। मित्रता निभाने के लिए श्रीराम ने स्वयं भी कई बार दुःख-संकट झेले।

**दृढ़प्रतिज्ञ:** भगवान श्रीराम का दृढ़ प्रतिज्ञ गुण सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। जो व्यक्ति दृढ़ निश्चय वाला होता है, वह अपने जीवन में हमेशा सफलता अर्जित करता है।

**सदाचारी:** भगवान श्रीराम की भांति प्रत्येक व्यक्ति को सदाचारी होना चाहिए। उन्हें सदाचरण के कारण ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। आपका अच्छा व्यवहार एवं आचरण ही आपको सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ने में सहायता करता है।



# दिवाली के लिए घर को कैसे सजाएं

अनु आर



दिवाली हिंदुओं का एक बड़ा त्योहार है, जिसका आध्यात्मिक महत्व है। दशहरे के बाद दिवाली के लिए लोग तैयारियां करने शुरू कर देते हैं। दिवाली रोशनी, घर की साफ-सफाई, घर को सजाने के लिए चीजों की खरीदारी, यानी दिवाली का घर की डेकोरेशन से गहरा नाता है। आपका घर छोटा हो या बड़ा, चाहे आप किराये के मकान में रहते हों, लेकिन दिवाली के मौके पर घर की सजावट करने से घर में लक्ष्मी आती है और घर को हम फेस्टिव और कोजी बना सकते हैं। दिवाली पर घर को सजाना एक ऐसा काम है, जिसमें परिवार का हर सदस्य भागीदारी करता है, घर की साफ-सफाई हो या अंदर-बाहर लाइटिंग लगाना। घर की इंटीरियर हो या मंदिर की सजावट, घर का हर सदस्य उत्साह के साथ दिवाली पर घर को सजाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इस बार इस फेस्टिव सीजन में कैसे घर को सजाएं, आइए जानें।

**मुख्य द्वार की सजावट:** दिवाली के लिए मुख्य द्वार सजाना यानी घर के भीतर-बाहर से आने वाले को अच्छेपन का एहसास कराना है। दरवाजे के लिए लाइटिंग करें और दरवाजे को फूल और आम के पत्तों के साथ पारंपरिक रूप से सजाएं। प्रवेश द्वार के आगे अगर पर्याप्त स्थान है, तो वहां दीये, फ्लोटिंग मोमबत्तियां रखकर उसे भव्यता प्रदान करें। प्रवेश द्वार को सजाने के लिए प्राकृतिक फूलों का इस्तेमाल करें, जो घर की नकारात्मकता को दूर करके हमारे मूड को बेहतर बनाते हैं। इसके लिए नारंगी और पीले रंगों को शुभ माना जाता है।

**इंडोर प्लांट्स से करें सजावट:** घर के गमलों को दिवाली से पहले ही सुंदर पेंट से सजाकर, इनमें लगे इंडोर प्लांट्स की अच्छी तरह सफाई करके इनसे पर्यावरण अनुकूल तरीके से घर को सजाया जा सकता है। छोटे फर्न, बोंजाई और मनी प्लांट लगाएं। इन्हें रैक में रखें या घर के अलग-अलग कोनों में रखकर इन्हें लाइटिंग से सजाएं।

**रग्स:** घर के सोफा सेट में सजावटी कुशन कवर, चमकीले गलीचे और रग्स व पायदान आपके घर की लुक को पूरी तरह से बदल देते हैं। इस त्योहारी मौसम के लिए अलग ब्राइट कलर के रग्स खरीदकर, उन्हें दीवारों और फर्नीचर के साथ कंपेयर या कंट्रास्ट करके सजा सकते हैं।

**पूजा कक्ष की सजावट:** दिवाली के लिए पूजा कक्ष की सजावट भी नए तरीके से कर सकते हैं। अगर मंदिर नए सिरे से बनाना या लेना है, तो अच्छा, टिकाऊ, मजबूत और कलात्मक मंदिर का चयन करें और उनमें पीतल या दूसरे मैटेरियल की मूर्तियां सजाएं। मंदिर को फूलों, दीयों से सजाएं और सजावट के सामान और मूर्तियों को रखने के लिए पीले या लाल, चमकीले, गोटे वाले कपड़ों का इस्तेमाल करें। इन्हें घर में भी बना सकते हैं या बाजार से भी ले सकते हैं।

**घर के पर्दे:** दिवाली के अवसर पर अगर बजट है, तो पर्दों में भी विकल्प चुने जा सकते हैं। अपनी जरूरतों के मुताबिक गहरे या हल्के रंग के पर्दों का चयन करें। इस सीजन में बाजार में काफी वैरायटी मिलती है। इसके लिए पारंपरिक ब्राउन या मैरून का चयन कर सकते हैं। पर्दों के साथ-साथ उन पर लाइट भी लटका सकते हैं, जिससे कमरों में रोशनी हो। अगर कमरे में बड़ी खिड़कियां हैं, तो उनके भी पर्दों में लाइटिंग इफेक्ट देकर इसे सुंदर बना सकते हैं।

**सेंटर टेबल:** दिवाली के त्योहार पर सेंटर टेबल को नए तरीके से सजाया जा सकता है। इन पर हरे पौधे, लाइटिंग, डेकोरेटिव दीये, फ्लावर पॉट, कलात्मक मूर्तियां रखकर घर के खाली कोनों में भी छोटी टेबल बनाकर नया लुक क्रिएट किया जा सकता है। दोस्तों और परिवार के साथ डाइनिंग टेबल पर खाने के लिए बैठने से पहले इसकी भी सजावट अलग तरह से कर सकते हैं। रोजमर्रा के इस्तेमाल की कटलरी की बजाए नई कटलरी का इस्तेमाल करें। पॉटरी से रोजमर्रा के बर्तनों से अलग हटकर कुछ अलग कर सकते हैं। डाइनिंग टेबल के बीच में फ्लोटिंग कैंडल्स रखी जा सकती हैं।

**प्रवेश द्वार पर रंगोली:** रंगोली के बिना दिवाली का जश्न अधूरा होता है। अगर घर के सामने की सीढ़ियों पर दीये रखने हैं, तो प्रवेश द्वार के आगे की तरफ खूबसूरत सी रंगोली बनाएं। रंगोली के डिजाइन बाजार में बने-बनाए भी मिलते हैं। रंगोली डिजाइन को फूलों और सजावटी दीयों के इस्तेमाल से और ज्यादा आकर्षक बना सकते हैं।

**सजावटी दीये:** दिवाली त्योहार है रोशनी का, घर के अंदर और बाहर, आंगन, बालकनी, हर दिशा में पारंपरिक सादे दीयों की बजाय सजावटी और कलात्मक दीयों का इस्तेमाल करें। हिंदू पौराणिक मान्यताओं के अनुसार घर के अलग-अलग कोनों में कम से कम हमें 13 दीये जलाकर घर के अलग-अलग हिस्सों को रोशन करना चाहिए। घर में अगर सीढ़ी है, तो उसका भी इस्तेमाल सजावट के लिए किया जा सकता है। इन पर सुंदर कलाकृतियां रखकर, इनके आसपास लाइटिंग लगाकर नीचे की तरफ दीयों से सजावट की जा सकती है।








दशहरे का उत्सव खत्म होते ही लोग दिवाली की तैयारी करना शुरू कर देते हैं। दिवाली की साफ-सफाई एक लंबा काम होता है। अगर इसे दशहरे के बाद से तुरंत शुरू कर दिया जाए, तो एक-एक दिन कैसे गुजर जाता है, पता ही नहीं चलता और सफाई का काम इतना ज्यादा फैल जाता है कि दीपावली तक वह पूरा भी नहीं हो पाता।

# घर जब चमकेगा तभी तो त्योहार दमकेगा

मधु सिंह



अगर आप भी अपने घर की सफाई शुरू करने वाले हैं, तो कैसे स्मार्टली घर की पूरी साफ-सफाई करें ताकि समझदारी से सही समय पर शुरू करके इसे क्रमबद्ध तरीके से करके आप कम मेहनत में घर को फटाफट साफ कर सकें।

वाइटवॉश अगर कराना हैः इस सीजन में अगर आपको लगता है कि घर की वाइटवॉशिंग जरूरी है, तो इसके लिए तुरंत तैयारी कर लें। क्योंकि घर अगर बड़ा है, तो इसमें काफी समय लग सकता है। वाइटवॉश कराने से पहले घर के भीतर या बाहरी हिस्सों में टूट-फूट को पहले दुरुस्त करवा लें ताकि वाइटवॉश का काम समय पर हो सके।

**घर का बेकार सामान बेचेंः** घर में पुराने पड़े इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, पुराने बर्तन, बेकार कूलर और दूसरा कबाड़ साथ के साथ बेचते रहें। पुरानी किताबें, कॉपियां, अखबार की रद्दी, इनको भी तुरंत घर से बाहर करें ताकि वाइटवॉश के बाद अलमारियों में नई चीजों के लिए जगह बनाई जा सके।

**अलमारी के कपड़ों और बिस्तरों को धूप लगवाएंः** अक्टूबर माह की अच्छी कड़क धूप में घर के बिस्तर, कंबल, अलमारियों के कपड़े, साड़ियां, गर्म कपड़े, सभी को एक-एक करके बाहर धूप में सुखाएं। सुखाने के बाद उनमें फिनाइल की गोलियां डालकर रखें।

**एक-एक कमरे से शुरुआत करेंः** सफाई के लिए इस काम को कहीं से भी शुरू करने की बजाए बारी-बारी से एक कमरे की सफाई करें। कमरे में सबसे पहले उस हिस्से की सफाई करें, जहां सबसे ज्यादा गंदगी रहती है, जैसे स्टोर रूम या कॉमन रूम। इन जगहों के वार्डरोब के कपड़ों को अच्छी तरह धूप दिखाकर समेटते जाएं और पुराने कपड़ों को, जिनका इस्तेमाल लंबे समय से नहीं कर रहे हैं, उन्हें भी घर से बाहर करें। क्योंकि कपड़ों को संभालना भी एक बड़ा टास्क होता है।

**पर्दे, चादर और कुशन कवर की करें धुलाईः** घर में अलग-अलग जगहों पर लगे पर्दे, सोफा कवर, कुशन कवर, इन सभी को धीरे-धीरे करके धोएं। इन सबको एक साथ धोने से पूरा घर अव्यवस्थित हो सकता है।

**अलमारियों को करें व्यवस्थितः** अगर आप वाइटवॉश करवा रहे हैं, तो अलमारियां वुडन हों या स्टील वाली, उनको भीतर से अगर पेंट या पॉलिश करा लिया जाए, तो उनमें दीमक लगने का खतरा कम रहता है। घर की सफाई में सबसे पहले अलमारियों को व्यवस्थित करें। अलमारियों में रखी बेकार चीजों को निकालकर फेंक दें या किसी जरूरतमंद को दे दें। अलमारियों में सामान ऑर्गनाइजर्स के जरिए लगाएं। अगर कबर्ड में ही सामान रखना है, तो नीचे प्लास्टिक की शीट बिछा दें।

**किचन की साफ-सफाईः** घर की साफ-सफाई में सबसे ज्यादा काम किचन की सफाई का होता है। अगर किचन ज्यादा गंदी हो और घर के बाकी हिस्से साफ-सुथरे हैं, तो किचन की वाइटवॉश करवा लें। किचन में अगर वुडन अलमारियां हैं, तो इनकी सफाई ज्यादा अच्छी तरह से करनी होती है, क्योंकि इनमें तेल और गंदगी की वजह से कीड़े-मकोड़े पैदा होने का खतरा रहता है। किचन में भी पुराने और टूट-फूटे बर्तनों को रसोई से बाहर करें। स्टील के बर्तनों को बेचकर उनकी जगह पर नए बर्तन भी लिए जा सकते हैं।

**दरवाजे, खिड़कियां साफ करेंः** जिस दौरान घर के जालों की सफाई कर रहे हों, तो साथ के साथ दरवाजे और खिड़कियों के ऊपर जमा धूल-मिट्टी अच्छी तरह साफ कर लें और उनके ग्रिल और हैंडल पर लगी गंदगी की भी अच्छी तरह सफाई करें। जिस दिन घर के पर्दों की धुलाई की जानी है, दरवाजे और खिड़कियों को भी उसी दिन अच्छी तरह साफ कर लें।

**बाथरूम की सफाईः** बाथरूम की नियमित सफाई करते रहना चाहिए ताकि दिवाली के अवसर पर बहुत ज्यादा गंदे बाथरूमों की सफाई न करनी पड़े। इसके लिए सफाई में इस्तेमाल होने वाला टाइल क्लीनर इस्तेमाल करें। बाथरूम की टाइलों को अच्छी तरह साफ करने के बाद नलों पर जमा गंदगी और वॉशबेसिन की भी अच्छी तरह सफाई करें। इसके लिए सफेद सिरका और बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**फर्श की सफाईः** जिस समय कमरे की सफाई कर रहे हों, साथ के साथ आयरन स्क्रबर और क्लीनर से फर्श की सफाई करते रहें। कमरे के एक हिस्से की फर्श की सफाई करने के बाद सामान साफ किए हुए हिस्से में रखकर दूसरी जगह पर इसी तरीके से सफाई करें ताकि पूरे घर की फर्श अच्छी तरह साफ हो जाए। फर्श की सफाई सबसे आखिर में करें और प्रतिदिन इन्हें रगड़कर साफ करें।

**गार्डन की भी करें सफाईः** दीपावली का मौका हो और घर की साफ-सफाई के साथ-साथ गार्डन की अच्छी तरह सफाई करना भी लाजिमी हो जाता है। इसके लिए पुराने, टूटे-फूटे गमलों को हटाकर नए गमलों से गार्डन को सजाएं। बारिश के बाद पौधों की प्रूनिंग करें और गार्डन के पौधों और गमलों की जगह में भी परिवर्तन करें। क्योंकि मौसम बदलने के साथ-साथ अब गार्डन की सेटिंग भी बदल डालें।




# रंग : बिरंगी रंगोली से सजाएं आंगन

श्रुति आयंगर

दीपावली की सजावट में आंगन-द्वार पर सजी रंगोली से अलग ही रौनक दिखती हैं हम यहां आपको बता रहें हैं कुछ आसान-आकर्षक रंगोली डिजाइन के बारें में। दीपावली पर देवी लक्ष्मी का स्वागत बिना रंगोली के अधूरा होता हैं दीपावली के पांचों दिन आंगन में जब खूबसूरत रंगों से बनी रंगोली सजी हो, तो किसे अच्छा नहीं लगेगा। इस बार क्यों न दिवाली पर अलग तरह से रंगोली बनाकर अपने घर-आंगन को खुशियों के रंगों से भर दें आइए जाने कैसे?

## ट्रेडिशनल बिंदु वाली रंगोली

ट्रेडिशनल बिंदु वाली रंगोली दिवाली पर हमेशा से ही पसंद की जाती हैं। इसे बनाना शुभ माना जाता हैं। भले ही इसे बनाने में समय लगता है पर तैयार होने पर बेहद खूबसूरत लगती हैं। अगर आप बिगनर्स हैं तो इस तरह की रंगोली बना सकती हैं। इसमें बिंदु या बिंदु छाप या सफेद चाक की मदद से खूबसूरत पैटर्न बनाए जाते हैं। इसमें ज्यादातर कृष्ण जी, गणेश जी, लक्ष्मी चरण, स्वास्तिक, स्टार, फूल, दीपक, जिओमैट्रिकल, मोर या दक्षिण भारतीय जैसी पैटर्न बनाए जाते हैं, कभी यह सीधी एक भी घुमावदार डिजाइन में भी बनाई जाती हैं। आप इसे केवल सफेद आउटलाइन के रूप में छोड़ सकती हैं या रंगोली पाउडर, हल्दी चावल और रंग-बिरंगे अनाज से रंग भरकर और आकर्षक बना सकती हैं।

## फूलों वाली रंगोली

इस तरह की रंगोली जल्दी बन जाती है और इसे सजाने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं लगती। दिवाली पर इस तरह की रंगोली भी बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप अलग-अलग तरह के ताजे फूल, सूखे फूल, पेटल्स और पत्तियों का इस्तेमाल करके शानदार रंग-बिरंगे पैटर्न और डिजाइन बना सकते हैं। आप इसे किसी भी आकार में बना सकती हैं गोल, चौकोर, साइड में। बीच में छोटे दिए रख दें। जब इस रंगोली पर दीयों की रोशनी चमकती हैं तो यह और भी खूबसूरत लगती हैं ।

## रेडीमेड रंगोली

अगर आप रंगोली बनाने में एक्सपर्ट नहीं हैं, आजकल बाजार में रेडीमेड रंगोली स्टेंसिल मौजूद हैं। ये स्टेंसिल आप कई बार इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इनमें आपको अलग-अलग डिजाइन और शेप मिलते हैं। जैसे धार्मिक चित्र, ॐ, स्वास्तिक और फेस्टिवल के अनुसार डिजाइन। आप अपनी क्रिएटिविटी अनुसार इन स्टेंसिल का उपयोग करके रंगोली को और भी खास बना सकते हैं। साथ ही इन दिनो डी.आई.वाई. रंगोली किट भी ट्रेंड में हैं। इस तरह की किट में डिजाइन शीट, कलर और सजावट का समान एक साथ आता हैं। बस आपको इसमें रंग भरना होता हैं और मिनटों में सुंदर रंगोली रेडी हो जाती हैं।

## पानी पर रंगोली

अगर आप कुछ नया और अलग आजमाना चाहती हैं तो इस बार पानी पर रंगोली बनाना एक बेहतर विकल्प है। पानी पर बनी रंगोली न केवल आकर्षक दिखती हैं बल्कि इसे संभालना और सजाना आसान होता हैं। इसके लिए किसी चौड़े बर्तन या थाली में पानी भरें और ऊपर से कुछ बूंदे तेल की डालें, ताकि रंग पानी में फैलें नहीं। आप चाहें तो थाली के अंदर की सतह पर पहले हल्का तेल लगा सकती हैं। इससे रंगोली ज्यादा देर तक टिकती हैं। फिर धीरे-धीरे रंग या फूलों के पेटल्स से अपनी पसंद का पैटर्न बना लें। इसे और आकर्षक बनाने के लिए आप इसमें फ्लोटिंग दीयों या अरोमा केंड्ल्स से भी सजा सकती हैं।







दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
India's Biggest Car Accessories Showroom
Nobody dresses your car better than Car Shringar
JEET TOWER
CAR SHRINGAR
ALPINE Emotion in Mobility
Pioneer
SONY
JBL
BLAUPUNKT
Infinity
morel
GARWARE SUNCONTROL WINDOW FILM
M-TEK DRESS CODE FOR YOUR VEHICLE...
autoform
EMPORIO By autoform
CP PLUS Intelligent Security Systems
Hypersonic www.hypersonic.club
NEOWHEELS
CADENCE
- WE DEAL WITH -
• Car Stereo System
• Power Windows
• Wheel Cap
• Alloy Wheel
• Central Locking
• Latest Car Seat Covers
• Matting
• 360° Camera... and many more!
कार को सजाना है.. कार श्रृंगार आना है
All Branded Car Accessories Available
World Class Car Accessories
गाड़ी कोई भी लें, एसेसरीज़ के लिए.. कार श्रृंगार®
Since 1992
Car Shringar®
Jeet Tower, Opp. Rajkumar College Main Gate,
G.E. Road, Raipur. Ph: 9329101331, 0771-4046063
नकलचोरों से सावधान
कार श्रृंगार केवल जीत टावर राजकुमार कॉलेज के सामने रायपुर में ही है बाकी मिलते जुलते नामो वाले नकल चोरों से सावधान !
sumit

# आओ पर्यावरण हितैषी और सुरक्षित दीपावली मनाएं

प्रत्यूष शर्मा

दीपावली का यह त्योहार कार्तिक माह की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। अमावस्या की अंधेरी रात जगमग असंख्य दीपों से जगमगाने लगती है। भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। इस खुशी में अयोध्यावासियों ने दीये जलाकर उनका स्वागत किया था।

पर्यावरण की सुरक्षा जरूरीः त्योहारों की ये खुशियां और उमंग तभी बरकरार रह सकती हैं, जब हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। पटाखों और अन्य ज्वलनशील चीजों का इस्तेमाल करने से, प्रदूषण से जूझ रहा पर्यावरण और ज्यादा प्रदूषित हो जाता है। हमें पर्यावरण-फ्रेंडली दिवाली मनाने की कोशिश करनी चाहिए। दिवाली मनाना हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है, लेकिन इसके नाम पर पर्यावरण को नुकसान नहीं होना चाहिए। आपसी प्रेम और सौहार्द कायम रखकर यह दीप पर्व मनाया जाना चाहिए। प्रदूषण रहित, शांति और खुशी से त्योहार मनाने के साथ ही, पर्यावरण-फ्रेंडली होकर दिवाली मनाने में ही सबका हित है।

**दीयों की भूमिका और मान्यताएंः** कुछ लोग दीवाली पर जलाए जाने वाले दीयों की भूमिका को दूसरे नजरिए से देखते हैं। कई मान्यताएं हैं। घरों में तीन से चार दिन तक, अधिक से अधिक दीये जलाए जाते हैं। मान्यताएं तथा लोक गाथाएं अनेक हो सकती हैं, पर यह सच है कि हर साल दीपों का त्योहार पूरी श्रद्धा तथा धूमधाम से मनाया जाता है।

**दीपावली उत्सव और भव्यताः** मानवीय प्रवृत्ति हर दिन कुछ नया और बेहतर करने की होती है। इसी नजरिए से देखकर दीपावली उत्सव को भव्यता से जोड़ा गया। इस क्रम में सबसे पहले दीपों की संख्या बढ़ी होगी। जब बारूद की खोज हुई तो मानव ने दीपोत्सव में आतिशबाजी और पटाखों को जोड़ा। रसायनशास्त्र ने आतिशबाजी और पटाखों में मनभावन रंग भरे और उन्हें अलग-अलग आवाजें दीं। इसी तरह पटाखे बनने शुरू हुए और उनमें विविधता आई। इस विविधता से आकर्षण पैदा हुआ और पटाखों का उपयोग समृद्धि दर्शाने का जरिया बन गया। सामाजिक ट्रेंड्स ने पटाखों को विवाह समारोहों और खुशियों के इजहार का प्रभावशाली जरिया बना दिया। अब चर्चा कर लेते हैं फायदे और नुकसान की।

**पटाखे और प्रदूषणः** हर साल दीपावली पर करोड़ों रुपयों के पटाखों का उपयोग होता है। यह सिलसिला दशहरे से शुरू होकर दीपावली के बाद भी कई दिन तक चलता रहता है। कुछ लोग इसे फिजूलखर्ची मानते हैं, तो कुछ इसे परंपरा से जोड़कर देखते हैं। पटाखे शहरी, औद्योगिक और ग्रामीण इलाकों की हवा में तांबा, कैल्शियम, गंधक, एल्युमीनियम और बेरियम प्रदूषण फैलाते हैं। इन धातुओं के अंश कोहरे के साथ मिलकर अनेक दिनों तक हवा में बने रहते हैं। उनके हवा में मौजूद रहने के कारण प्रदूषण का स्तर कुछ समय के लिए काफी बढ़ जाता है। देश के अनेक भागों में वायु प्रदूषण सुरक्षित सीमा से अधिक है। ऐसे में पटाखों से होने वाला प्रदूषण, जो भले ही अस्थायी प्रकृति का होता है, फिर भी पर्यावरण को और ज्यादा प्रदूषित कर देता है। पटाखों के चलाने से स्थानीय मौसम प्रभावित होता है तथा कई बिमारियों की संभावना बढ़ती है। वातावरण में चारों ओर इतना धुआं फैल जाता है कि सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। अस्थमा के रोगियों, बच्चों और बुजुर्गों को, बीमार रोगियों को इससे बहुत तकलीफ होती है। लेकिन अपनी ही मस्ती में मस्त आज का आदमी इतना संवेदनहीन हो गया है कि उसे अपनी खुशी के सिवाए कुछ और महसूस ही नहीं होता। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की हमारी भावना दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है।

हवा के प्रदूषण के अलावा, पटाखों से ध्वनि प्रदूषण होता है। कई बार शोर का स्तर सुरक्षित सीमा को पार कर जाता है। यह शोर कई लोगों तथा नवजात बच्चों की नींद उड़ा देता है। ध्वनि प्रदूषण पशु-पक्षियों तथा जानवरों के लिए भी अच्छा नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 125 डेसीबल से अधिक शोर करने वाले पटाखों के जलाने पर रोक लगाई है।

हम सब जानते हैं कि मनुष्य ही इस संसार का सबसे विवेकवान प्राणी है। इस नजर से संसार में पाए जाने वाले समस्त जीवों की रक्षा का दायित्व भी उसी का है।



## हरित दिवाली-स्वस्थ दिवाली कार्यक्रम

दिवाली पर जलाए जाने वाले पटाखों के प्रतिकूल प्रभावों के साथ-साथ दीपों के त्योहार के महत्व को ध्यान में रखते हुए, पर्यावरण मंत्रालय ने हरित दिवाली-स्वस्थ दिवाली कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2017-18 में की थी। उस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, इको-क्लब से जुड़े बच्चों ने इस अभियान में भाग लिया था और कम-से-कम पटाखे फोड़ने की शपथ ली थी।

## इस बार एक दीया प्रकृति के नाम जलाएं

आइए इस बार हम एक संकल्प लें कि हम सब सादगीपूर्ण और प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाएंगे और एक दीया प्रकृति के नाम पर जलाएंगे। प्रकृति और हमारे आस-पास का वातावरण स्वच्छ रहेगा। तभी हम, आप तथा सम्पूर्ण मानव जाति सुरक्षित रहेंगे।

## भारत के संविधान में स्वच्छ पर्यावरण का महत्व

भारत का संविधान बताता है कि स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराना केवल राज्यों की ही जिम्मेदारी नहीं है, अपितु यह प्रत्येक नागरिक का दायित्व भी है। आर्टिकल 48 अ, आर्टिकल 51 अ (जी) तथा आर्टिकल 21 की व्याख्या से उपर्युक्त तथ्य उजागर होते हैं। पर्यावरण हितैषी और सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं, जैसे पटाखों का कम से कम उपयोग करना। इससे पर्यावरणीय नुकसान कम होंगे।







श्री MEGA MART TM
कीमत कम खुशियाँ हरदम
श्री मेगा मार्ट
Diwali
BIGGEST OFFERS
16th OCT. TO 22nd OCT.
सबसे बढ़िया क्वालिटी
सबसे किफ़ायती दाम
PARIWAAR / NAKODA HALDIRAM / BIKANO AAKASH / SUNDER NUTRAJ / CADBURY
UP TO 60% OFF
DRY FRUIT COMBI 3X200GM
MRP ₹575 OFFER PRICE ₹449
DRY FRUIT MIX 450GM BOX
MRP ₹299 OFFER PRICE ₹265
KISHMISH SPECIAL 500 GM
MRP ₹290 OFFER PRICE ₹275
KAJU SPECIAL 500 GM
MRP ₹600 OFFER PRICE ₹455
BADAM SPECIAL 500 GM
MRP ₹590 OFFER PRICE ₹455
AKHROT GIRI 250 GM
MRP ₹450 OFFER PRICE ₹310
AKHROT WHOLE 350 GM
MRP ₹450 OFFER PRICE ₹385
CHUHARA SPECIAL 500GM
MRP ₹245 OFFER PRICE ₹149
MADHUR SUGAR 5KG
MRP ₹315 OFFER PRICE ₹269
BANSAL SOYABEAN OIL 800GM
MRP ₹180 OFFER PRICE ₹117
LAL GULAB MUSTARD OIL 1L (B)
MRP ₹230 OFFER PRICE ₹188
VACHAN GHEE JAR 1LTR
MRP ₹665 OFFER PRICE ₹599
AASHIRVAAD ATTA 5 KG
MRP ₹260 OFFER PRICE ₹234
RAHAL DAL (GLOBAL) BULK
OFFER PRICE ₹99
ZEEBA TINI MOGR BAS RICE 10KG
MRP ₹630 OFFER PRICE ₹499
ZEEBA KINKI BASMATI RICE 10KG
MRP ₹500 OFFER PRICE ₹449
BESAN PREMIUM 1KG
MRP ₹150 OFFER PRICE ₹95
GBM MAIDA 500GM
MRP ₹32 OFFER PRICE ₹23
GBM SOOJI 500GM
MRP ₹35 OFFER PRICE ₹24
RED LABEL TEA 1KG
MRP ₹560 OFFER PRICE ₹399
BRITANNIA GOOD DAY CASHEW 1KG
MRP ₹320 BUY 1 GET 1 FREE
PARLE-G ORIGINAL 800GM
MRP ₹100 OFFER PRICE ₹12 OFF
SUNDER SUJI RUSK 1KG
MRP ₹230 BUY 1 GET 1 FREE
POPAT GANGA JAMUNA NAMKEEN 1KG
MRP ₹165 OFFER PRICE ₹37 OFF
KISSAN FRESH TOM KET 1.1KG
MRP ₹150 OFFER PRICE ₹55 OFF
NILONS GULAB JAMUN POWDER 175GM
MRP ₹152 OFFER PRICE ₹55 ONLY
GITS GULAB JAMUN 500GM
MRP ₹245 OFFER PRICE ₹40 OFF
COLGATE STRONG TEETH 300GM
MRP ₹225 OFFER PRICE ₹25 OFF
PEARS PURE GEN SOAP 3*125GM
MRP ₹214 OFFER PRICE ₹19 OFF
DETTOL ORIGINAL SOAP 4X100GM
MRP ₹168 OFFER PRICE ₹28 OFF
HARPIC POWER PLUS MARINE 500M
MRP ₹115 OFFER PRICE ₹10 OFF
KRD NEEM ALL CLEA 5LTR
MRP ₹450 OFFER PRICE ₹99 ONLY
SURF EXCEL EASY WASH 3KG
MRP ₹390 OFFER PRICE ₹50 OFF
GLOW&LOVELY BRI GLOW FW 150GM
MRP ₹285 OFFER PRICE ₹36 OFF
STAYFREE SECURE XL 18 PADS
MRP ₹124 OFFER PRICE ₹115
PONDS BRI BEA BODY LOTI 275ML
MRP ₹415 OFFER PRICE ₹200 OFF
VASELINE COCOA GL LOT 400ML
MRP ₹549 BUY 1 GET 1 FREE
VASELINE COCOA GL LOT 400ML
MRP ₹515 BUY 1 GET 1 FREE
DE DIVYA DIPAM OIL 1 LTR
MRP ₹250 OFFER PRICE ₹155
BAJAJ BUILT NOT MIX GRI 500W
MRP ₹4590 OFFER PRICE ₹2249
PIGEON EGNITE INDUCTION 1800W
MRP ₹3195 OFFER PRICE ₹1249
SUPER POWER BROOM
MRP ₹159 OFFER PRICE ₹68 ONLY
ANJALI NUTRICON COOKER 2 LTR
MRP ₹1445 OFFER PRICE ₹949
CELLO GOLD CRUST HOT POT 1500
MRP ₹497 OFFER PRICE ₹249
MODWARE CONT PRIN 123SET
MRP ₹200 OFFER PRICE ₹125
CELLO CUT END COTTON T MOP
MRP ₹395 OFFER PRICE ₹199
SHAGUN DIAM JALA JHAADU S-29
MRP ₹259 OFFER PRICE ₹149
निश्चित खरीदारी पर पायें शानदार गिफ्ट
शक्कर 1KG
अरहर दाल 500GM
चाँदी का फ्रेम 1PC
₹1999/- की खरीदी पर फ्री
₹2999/- की खरीदी पर फ्री
₹5999/- की खरीदी पर फ्री
नियम एवं शर्तें लागू : सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन है। ऑफर स्टॉक रहते तक। दिखाए गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है।
ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते है। सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन है। *
ENJOY FREE HOME DELIVERY
Terms & Conditions Apply*
OUR STORES
BHANPURI I BIRGAON I AMLESHWAR I +91 88897 77101


॥ अह त्वदस्मि मदसि त्वम् ॥
मैं तुझसे हूँ, तु मुझसे है...
धनतेरस के शुभ अवसर पर घर लाएं
समृद्धि व खुशियाँ
शुद्धता और विश्वास जो बनाएं
त्यौहारों को और भी खास
संस्कृति अलङ्कार (ज्वेलर्स)
सोने, रजत, जडाऊ और
कुंदन ज्वेलरी का विशाल संग्रह
बैद मार्केट के सामने, सदर बाजार, रायपुर
8109716610, 7999041507
sanskritialankarjewellers
@SANSKRITIALANKARJEWELLERS


धनतेरस एवं दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं...
51 वर्षों से आपकी
विश्वास पे खरा
SINCE 1974
Shukla
Hotel & Sweets
बिरगांव नगर निगम के अंतर्गत सबसे पुरानी एवं विश्वसनीय मिठाई दुकान
मीठा खाईये... मीठा बोलिये...
वीनू पेट्रोल पंप के पास, बिलासपुर रोड, बिरगांव, रायपुर (छ.ग.)

हरिभूमि
# रायपुर भूमि








**प्रदेश के पहले आयुर्वेद कॉलेज और आयुष विवि में स्थापित है मूर्ति, गुरु-शिष्य रोज लेते हैं आशीष**

## धनवंतरी के हाथों में अमृत कलश, शंख-वनौषधि आयुर्वेद का ग्रंथ, प्रदेश में दो जगह स्थापित है मूर्ति

**धनतेरस-विशेष**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जैसा कि हम पौराणिक प्रसंगों में सुनते और पढ़ते हैं कि भगवान धनवंतरी के चारों हाथों में जीवन कल्याण के प्रतीक हैं। एक हाथ में अमृत कलश, दूसरे हाथ में शंख, तीसरे हाथ में वनौषधि और चौथे हाथ में आयुर्वेद का ग्रंथ है।

आयुष विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. जीबी गुप्ता ने बताया कि जीई रोड स्थित आयुर्वेद कॉलेज के आंतरिक प्रवेश द्वार के पास मूर्ति स्थापित है। कॉलेज में प्रवेश करते ही गुरु और शिष्य रोज धनवंतरी स्तुति के बाद आगे बढ़ते हैं। यह प्रदेश की पहली और आयुष विश्वविद्यालय में धनवंतरी की दूसरी प्रतिमा स्थापित है। राजधानी के आयुर्वेद कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि शिक्षक और डाक्टर भी सिर झुकाने और आशीष लेने के बाद ही इलाज और पढ़ाई शुरू करते हैं। यहां रोज आयुर्वेद के देवता की पूजा होती है। यहां विधि-विधान से नियम का पालन करते हुए विशेष पूजा के साथ धनतेरस की शाम आकर्षक रंगोली सजाई जाती है। धनतेरस के मौके पर दोनों जगह अलग-अलग समय में पूजा के बाद दीयों की ▸▸|शेष पेज 3 पर

### विधिवत की जाती है आराध्य की पूजा

धनतेरस के दिन सुबह आठ बजे विधि-विधान से पूजा की जाएगी। साथ ही 101 दीपों की श्रृंखला और रंगोली विद्यार्थियों द्वारा सजाई जाएगी। आयुष के पूर्व कुलपति डॉ. जीबी गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय कैंपस में 2018 में भगवान धनवंतरी की मूर्ति आयुर्वेद कॉलेज की तरह ही माना के एक कारीगर से बनवाने के बाद स्थापित करवाने का अवसर मिला। जितने लोग आराध्य देव के सामने से आते-जाते हैं, वे आयुर्वेद के देवता से आशीष लेते हैं। ▸▸|शेष पेज 3 पर

### धनवंतरी से बेहतर स्वास्थ्य की कामना

*प्रोफेसर ने बताया कि स्थापित मूर्ति आरसीसी स्टैक्चर होने के साथ ही करीब 8 फीट ऊंची है। इसे कांसे के कलर से संवारा गया है, जो भगवान धनवंतरी का मूल स्वरूप है। आयुर्वेद कॉलेज में मूर्ति को प्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री जे.नेल्सन ने आकार दिया है। मूर्ति का वजन आधा टन से ज्यादा है। कॉलेज के प्रोफेसर और कर्मचारी ही नहीं, विद्यार्थी भी शीश झुकाने के बाद काम शुरू करते हैं। लोग धनवंतरी की पूजा करके बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हैं। वहीं, कॉलेज की छात्र-छात्राएं रोज पूजा करके भगवान से मांगते हैं कि उन्हें औषधि का बेहतर ज्ञान दें, ताकि वे पढ़ाई पूरी करने के बाद ताउम्र लोगों को बेहतर सेवा दे सकें।*

---

**खबर संक्षेप**

### किशोरी से रेप, आरोपी को 10 साल कैद की सजा

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में किशोरी से रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की फास्टट्रैक कोर्ट ने एक युवक को 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार, कोर्ट ने मुन्ना यादव को कैद की सजा सुनाई है। मुन्ना ने 2 सितंबर 2022 को 16 वर्षीय किशोरी के साथ रेप किया था। घटना के समय किशोरी घर पर अकेली थी।

### बलवा मामले में फरार 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** साइंस कॉलेज छात्रावास में बलवा करने के मामले में फरार 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में रोशन वागिरे निवासी कोटा, अरबान खान उर्फ टिन्टू निवासी कृष्णा नगर कोटा, मनीष तिवारी निवासी कृष्णा नगर कोटा एवं हाफिजुद्दीन उर्फ फैज निवासी संजय नगर गौसिया चौक शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 115(2), 191(2), 191(3), 333, 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इन सभी आरोपियों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर छात्रावास में घुसकर छात्रों के साथ मारपीट की थी। इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### प्रतिबंधित नशीली सिरप बेचते दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के प्रकरण में कृष्णा नगर कोटा निवासी दो लोगों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित नशीली सिरप जब्त की है। पुलिस ने एम्स अस्पताल के बाजू जीई रोड टाटीबंध के पास ई-रिक्शा वाहन में प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ आरोपी युवराज सिह चौहान एवं वाजिद खान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 40 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप जब्त की है। उनके कब्जे से एक ई-रिक्शा भी जब्त की गई है। इस प्रकरण में दोनों के विरुद्ध धारा 21बी, 29 नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया है।

---

**प्रदेशभर के बाजारों में जमकर धनवर्षा**

## उम्मीदों का धनतेरस, 3000 करोड़ से ज्यादा के कारोबार के लिए सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

धनतेरस पर शनिवार को राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में जमकर धनवर्षा होगी। धनतेरस दो दिनों का होने के कारण रविवार को भी दोपहर तक खरीदारी होगी। सराफा बाजार में जहां 800 से 1000 करोड़ के कारोबार का अनुमान है, वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में 600 करोड़ के वाहन बिकेंगे। रीयल एस्टेट में इस समय थोड़ा मंदी का दौर है। ऐसे में इस बार ज्यादा से ज्यादा 300 करोड़ का ही कारोबार हो पाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल सेक्टर में 600 करोड़ का कारोबार संभव है। इसके अलावा बर्तन, फर्नीचर, कपड़ा बाजार, मिठाई और गिफ्ट आइटम को मिलाकर 500 करोड़ का कारोबार संभावित है। सभी सेक्टरों को मिलाकर एक ही दिन में तीन हजार करोड़ से ▸▸|शेष पेज 3 पर

**फैक्ट फाइल**

- **800 से 1000** करोड़ का सराफा कारोबार
- **600** करोड़ के बिकेंगे वाहन
- **300** करोड़ के बिकेंगे घर और प्लाट
- **600** करोड़ का होगा इलेक्ट्रॉनिक्स-मोबाइल का कारोबार
- **500** करोड़ के बिकेंगे कपड़े, बर्तन, फर्नीचर



### इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मोबाइल भी बिकेंगे

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी पूरी तरह से सज गया है। एसी, एलईडी, कंप्यूटर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स के साथ मोबाइल का भी जमकर कारोबार होगा। कई कंपनियों ने नए मॉडल लांच किए हैं। दोनों सेक्टरों को मिलाकर 600 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। पुष्य नक्षत्र पर ही चार सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। मालवीय रोड व्यापारी संघ के राजेश वासवानी के मुताबिक जीएसटी कम होने के कारण कारोबार ज्यादा होगा।

### सोने-चांदी की होगी जमकर खरीदारी

धनतेरस पर सबसे बड़ा कारोबार सराफा में होगा। अनुमान था कि धनतेरस से पहले सोना सवा लाख रुपए तक जा सकता है, लेकिन सोना इससे भी ज्यादा हो गया है। इस समय सोना एक लाख 32 हजार के पार हो गया है। धनतेरस के दिन इसके दाम एक लाख 35 हजार तक जा सकते हैं। इसी के साथ चांदी की कीमत पौने दो लाख के करीब पहुंच गई है। ऐसे में अच्छे कारोबार की संभावना है।

### बिकेंगे 25 हजार वाहन

ऑटोमोबाइल सेक्टर में जमकर बूम रहेगा। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में एक ही दिन में करीब 25 हजार वाहनों के बिकने का अनुमान है। इसमें सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन की बिक्री होगी। चारपहिया वाहनों की बिक्री कम होती है। इसके अलावा ऑटो, कमर्शियल वाहन, ट्रैक्टर और अन्य वाहन भी बिकते हैं। कुल मिलाकर 600 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने का अनुमान है।

---

**वीडियो वायरल होने के बाद जेल आईजी ने दिया निलंबन का आदेश**

## जेल में वीडियो कॉल, फोटो शूट सहायक जेल अधीक्षक निलंबित

**हरिभूमि फॉलोअप**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर


जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल
जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर का साथियों के साथ मोबाइल में फोटो-वीडियो शूट
मिलीभगत से संभव हो रहा
गैंगस्टर अमन साव का फोटोशूट

जेल के अंदर से हिस्ट्रीशीटर बदमाश राजा बैझड़ उर्फ राशिद का परिजनों से वीडियो कॉल करने तथा वीडियो शूट करने के मामले को जेल महानिदेशक हिमांशु गुप्ता ने गंभीरता से लेते हुए सहायक जेल अधीक्षक को निलंबित करने आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में सहायक जेल अधीक्षक को मुख्यालय में अटैच करने आदेश जारी किया है।

बदमाश के जेल के अंदर से फोटो, वीडियो वायरल होने के बाद जेल महानिदेशक ने सहायक जेल अधीक्षक संदीप कुमार कश्यप को निलंबित किया है। जेल महानिदेशक के जारी आदेश के अनुसार संदीप कुमार कश्यप को 19 जुलाई 2025 को अपर अष्टकोण अधिकारी का कार्य सौंपा गया था। संदीप कुमार को कार्य में लापरवाही तथा कर्तव्य के प्रति उदासीनता बरतने पर निलंबित किया गया है। बताया जा रहा है, राजा बैझड़ ने 13 से 15 अक्टूबर के बीच अपने परिजनों से जेल के अंदर से वीडियो कॉल कर बात करने के साथ फोटो, वीडियो शूट कर वायरल किया था।

---

## शोरूम के सामने खड़ी लग्जरी कार में युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र के टाटीबंध में एक लग्जरी कार में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिलने से हड़कंप मच गया है। मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। लाश दो से तीन दिन पुरानी बताई जा रही है। मृतक के पहनावा को देखते हुए पुलिस ने उसके घुमंतू प्रवृत्ति का होने की आशंका जताई है। लाश मिलने की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक की टीम जांच करने पहुंची है। युवक की लाश थार कार सीजी 04 पीएक्स 6888 की पिछली सीट पर मिली है। कार रालस मोटर्स के बाहर 15 दिन पूर्व से खड़ी थी। बताया जा रहा है, कार को लॉक नहीं किया गया था। लाश के पास पुलिस को कुछ नमकीन के पैकेट तथा चिल्हर पैसे मिले हैं। मृतक निक्कर के साथ टीशर्ट पहना हुआ है। युवक की मौत कैसे हुई, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही इसकी जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।



**जांच की जा रही है**

कार के अंदर युवक की लाश कैसे मिली, इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। **- लखन पटले,** एएसपी सिटी

## महिला थाना के सामने अधेड़ ने की कीटनाशक पीकर खुदकुशी की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

महिला थाना के सामने शुक्रवार को एक अधेड़ ने कीटनाशक पीकर खुदकुशी करने की कोशिश की। अधेड़ को गंभीर हालत में उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवारिक कलह के कारण अधेड़ द्वारा कीटनाशक सेवन करने की बात पुलिस बता रही है। थाना के सामने जिस अधेड़ ने कीटनाशक सेवन कर खुदकुशी करने की कोशिश की है, बताया जा रहा है, उसने घर से कीटनाशक लेकर निकलते हुए कहा था कि आज छोटा पैकेट बड़ा धमाका करूंगा, तब घर के लोग अधेड़ की मंशा समझ नहीं पाए थे। चंगोराभाठा निवासी राजेश श्रीवास (58) ने महिला थाना के सामने कीटनाशक पीकर खुदकुशी करने की कोशिश की है।



### बहू ने कहा नशे की लत से हैं परेशान

इस मामले में राजेश की बहू का कहना है कि परिवार ससुर के नशे की लत से परेशान है। वह घर पर अक्सर हंगामा करता रहता है। मना करने पर पुलिस थाने जाकर शिकायत करने की धमकी देता है। उसकी इन हरकतों की वजह से सास भी परेशान है। पत्नी, बहू तथा बेटे के साथ राजेश एक ही घर में रहता है। विवादों से मोहल्ले में भी माहौल खराब हो जाता है।

---

**जगदलपुर, बिलासपुर और राजनांदगांव में पुराने विषयों की सीटें बढ़ीं**

## पांच सरकारी मेडिकल कालेजों को पीजी की 61 नई सीटें, कोरबा में एमडी-एमएस की होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राज्य के पांच शासकीय मेडिकल कालेज में पीजी की 61 नई सीटों को एनएमसी द्वारा हरी झंडी दी गई है। कोरबा में एमडी-एमएस की पढ़ाई शुरू होगी, वहीं रायगढ़ में नए विषय विशेषज्ञ तैयार हो सकेंगे। इनके अलावा जगदलपुर, बिलासपुर और राजनांदगांव में भी पुराने विषयों में सीटों की संख्या बढ़ाई गई है। राज्य में शासकीय मेडिकल कालेजों में वर्ष 2025-26 के शिक्षण सत्र के लिए दिए गए ऑनलाइन आवेदन के आधार पर एनएमसी द्वारा सीट बढ़ाने की अनुमति दी गई है। इस बार राज्य के शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों की कुल 563 सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होगी। शासकीय कालेजों में पीजी की अब 377 सीटें हो गई हैं। जानकारी के अनुसार इस बार कोरबा कालेजों में पीजी की पढ़ाई को हरी झंडी देते हुए वहां 13 सीटों पर अनुमति प्रदान की गई है। वहीं रायगढ़ मेडिकल कालेज में चार नये विषयों की 12 सीटों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

- इस बार एमडी-एमएस की 563 सीटों पर प्रवेश, इनमें निजी कालेजों की 186 सीटें



### किराए के भवन में कोरबा कालेज

वर्तमान में कोरबा का चिकित्सा महाविद्यालय वहां इंजीनियरिंग कालेज के भवन के आधे हिस्से में किराए पर चल रहा है। मेडिकल कालेज का निर्माण अभी प्राथमिक स्तर पर है। इन कालेज में फैकल्टी की व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं है। मेडिकल कालेज कोरबा के जिला अस्पताल से संबंधित है, यहां ऑपरेशन थियेटर से लेकर आईसीयू की सुविधाओं का अभाव है। सामान्य ऑपरेशन होने के बाद गंभीर मामलों को अन्य कालेजों में रेफर किया जाता है।

### यह ऐतिहासिक कदम : जायसवाल

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में यह ऐतिहासिक कदम है। नई पीजी सीटों की स्वीकृति से राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जनता तक पहुंचेंगी। यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।"





100%
Exchange Value
on Old Gold
शुद्धम्, शुभम्, सुंदरम्
जो शुद्ध है, वही शुभ है और सुंदर भी है.
Diamond | Gold | Silver | Antique | Jadau
धनतरेस की शुभ खरीदी हेतु आप सादर आमंत्रित है...
ज्वेलर्स
अनोपचंद भंसाली
SINCE 1945
रायपुर मेडिकल के सामने, सदर बाजार, रायपुर
8815188151, 0771-2555802, 2555535
VALET PARKING
SAMRIDDHI
JEWELLERS
Add Sparkle to your life
समृद्धि ज्वेलर्स
सदर बाजार, रायपुर
0771-2555400
संबंधित प्रतिष्ठान
मनोहरमल एंड कं., सदर बाजार | अनूप डायमंड्स, सदर बाजार | मनोहरमल ज्वेलर्स, हलवाई लाईन | श्री भंसाली ज्वेलर्स, भाटागांव
ATUL PUBLICITY

# जींस पहनने पर शिक्षक को चैंबर से निकाला, हटाए गए जेडी, सोम होंगे नए संयुक्त संचालक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शिक्षक संग दुर्व्यवहार करने वाले बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक राकेश पांडेय को उनके पद से हटा दिया गया है। एचआर सोम अब नए संयुक्त संचालक होंगे। संस्कृत विद्यामंडल में प्रभारी सचिव के रूप में कार्यरत राकेश पांडेय को कुछ माह पूर्व ही बस्तर शिक्षा संभाग की जिम्मेदारी दी गई थी। शिक्षक संग अभद्रता के एक मामले में बस्तर संभाग सहित प्रदेशभर के शिक्षकों का आक्रोश भड़क गया। सूत्रों के अनुसार, शिक्षकों के विरोध-प्रदर्शन के बाद उनके आक्रोश को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि आदेश में इसका जिक्र नहीं है। लेकिन उन्हें पद से हटाए जाने के पीछे यही कारण बताया जा रहा है। गौरतलब है कि जींस पहनकर आए एक शिक्षक को संयुक्त संचालक राकेश पांडेय ने अभद्रता के साथ चैंबर से भगा दिया था। जिसके बाद शिक्षकों का आक्रोश भड़क गया था। शिक्षकों ने इस संबंध में जबरदस्त प्रदर्शन किया था। बस्तर आयुक्त के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करते हुए शिक्षकों ने चेतावनी दी थी कि अगर बस्तर जेडी को नहीं हटाया गया तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इसके पूर्व मध्यान्ह भोजन बनाने वाली एक आदिवासी महिला के साथ भी दुर्व्यवहार को लेकर शिकायतें सामने आई थी।

■ बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक राकेश पाण्डेय हटाए गए



### इधर... शिक्षकों ने जताई खुशी

जेडी को पद से हटाए जाने के बाद शिक्षकों ने खुशी जताई है। छग प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, शिक्षक सफेद शर्ट और काले रंग की जींस पहने हुआ था। वर्तमान में यह औपचारिक पहनावे में आता है। संयुक्त संचालक स्वयं भी जींस-टी शर्ट जैसे परिधानों में दिखाई देते हैं। इस स्थिति में उनके द्वारा शिक्षक के परिधान पर टिप्पणी आपत्तिजनक है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संवेदनशील होना चाहिए। हम इस कार्रवाई का समर्थन करते हैं।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की मोना अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री मोना सेन को छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम में अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। संस्कृति विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया है। इससे पहले मोना सेन को केश शिल्प बोर्ड में अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन इसका पदभार उन्होंने ग्रहण नहीं किया था।

### मीनल ने जापान सांसद योहेई से की चर्चा



**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने जापान प्रवास के दौरान जापान के सांसद ओनिशी योहेई से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर के भविष्य के शहरी विकास के अवसरों पर चर्चा की। महापौर ने कहा कि जापान से मिले अनुभवों को रायपुर में शहरी विकास, स्वच्छता और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में लागू करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। महापौर इन दिनों जापान प्रवास पर हैं।

# बिहार चुनाव में प्रदेश के 300 से ज्यादा भाजपा नेता दीपावली के बाद संभालेंगे मोर्चा

आज लौटेंगे सभी नेता, फिर जाएंगे दीपावली के बाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बिहार में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन का दौर शुक्रवार को समाप्त हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के साथ अन्य प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होकर लौट आए हैं। इसी के साथ प्रदेश के जो भी भाजपा नेता इस समय बिहार में हैं, वे भी अब शनिवार को वापस आ जाएंगे।



इसके बाद सभी नेता दीपावली के बाद जाकर वहां मोर्चा संभालेंगे। राष्ट्रीय संगठन ने महिला मोर्चा की 100 सदस्यों को जाने के निर्देश मिले हैं। इसी के साथ भाजयुमो और अन्य मोर्चा के भी थोक में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जाएंगे। प्रदेश के 300 से ज्यादा नेताओं को वहां की जिम्मेदारी मिली है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को वहां पर 50 से ज्यादा विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है।

बिहार के चुनाव में प्रदेश के मंत्रियों, विधायक, सांसदों से लेकर भाजपा के कई नेता प्रचार करने जाएंगे। प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन दो वहां पर दो विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। वे वहां गए थे, अब वे भी शनिवार को वापस आ जाएंगे। इसी के साथ सांसद संतोष पांडेय, बृजमोहन अग्रवाल, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सहित भी नेता वहां पर हैं, सभी की दीपावली के लिए वापसी होगा।

### दीपावली के बाद चुनाव तक संभालेंगे मोर्चा

इस चुनाव में भी हमेशा की तरह भाजपा ने कई राज्यों के नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के भाजपा नेताओं को भी वहां जाने का मौका मिलेगा। जहां एक तरफ महिला मोर्चा की 100 से ज्यादा कार्यकर्ता वहां जाएंगी। वहीं भाजयुमो के भी करीब सौ कार्यकर्ता वहां जाएंगे। इसी के साथ प्रदेश संगठन के नेताओं के साथ ही प्रदेश के ज्यादातर मंत्री, विधायक और सांसद भी भी बिहार चुनाव में जाएंगे। प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा को भी वहां पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। जिन भी मंत्री, सांसद और विधायकों को विधानसभाओं का जिम्मा मिला है, सभी अब दीपावली के बाद वहां जाकर मोर्चा संभालेंगे।

# वकील की मध्यस्थता से सुलझा पारिवारिक मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पारिवारिक विवादों के निपटारे के लिए कानूनी रास्ते अपनाने के बजाय सामाजिक स्तर पर बातचीत द्वारा समाधान की एक सकारात्मक मिसाल रायपुर में देखने को मिली है। तेलीबांधा स्थित बीएसयूपी कॉलोनी के एक युवक और उत्कल नगर आकाशवाणी निवासी एक युवती का विवाह 7 फरवरी 2025 को हुआ था। किंतु विवाह के बाद दोनों के बीच विचारों में मतभेद और आपसी तालमेल न बैठ पाने के कारण पत्नी 6 अप्रैल 2025 से अपने मायके में रहने लगी।

संकट की स्थिति में महिला पक्ष ने सामाजिक न्याय कार्यकर्ता एवं वकील भगवानू नायक से संपर्क किया। उन्होंने तथा सामाजिक नेता किशोर महानंद ने पहल करते हुए मामले को पुलिस या न्यायालय तक ले जाने के बजाय सामाजिक स्तर पर सुलह-सफाई का रास्ता सुझाया। दोनों पक्षों ने इस पर सहमति जताई। पिछले रविवार को सिविल लाइन स्थित आंबेडकर मंगल भवन में दोनों पक्षों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अधिवक्ता भगवानू नायक, सामाजिक नेता किशोर महानंद, बंटी निहाल तथा अन्य ने मध्यस्थता की।

## निधन

### पुरुषोत्तम मिश्रा

रायपुर। स्टेशन रोड मंदिर निवासी पुरुषोत्तम मिश्रा का 17 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे गोपाल मिश्रा के पुत्र, काशी प्रसाद और राजेश मिश्रा के भाई थे।


**न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)**

**:: ईश्तहार ::**

प्रकरण क्रमांक/ 202510111000018/ ब-113(4) वर्ष 2025-26

क्रमांक/1043/अ.वि.अ./पं.सा.न्या./2025

रायपुर दिनांक 10/10/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश, रायपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 62/2025 में पारित आदेश दिनांक 22.07.2025 में पारित आदेशानुसार "**श्री राधाकृष्ण मंदिर**", पंजीयन क्र.-190, बंधवा तालाब, रायपुर के निष्क्रिय न्यासियों को हटाकर नवीन न्यासियों की नियुक्ति किए जाने का निर्देश दिया गया है। तत्संबंध में न्यायालय के निर्देशानुसार मंदिर प्रांगण में आम बैठक आहूत कर सर्वसम्मति से नवीन ट्रस्टी का नियुक्ति की गई है। ट्रस्टियों के नियुक्ति उपरांत ट्रस्ट पंजी में परिवर्तन हेतु लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 9(1) के तहत निम्नानुसार परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है :-

**-:: ट्रस्ट में परिवर्तन ::**

**क्र.-1 परिवर्तन की प्रकृति- नव नियुक्त ट्रस्टी का नाम लोक न्यास पंजी में दर्ज करनें हेतुः-** 01.श्री चन्द्रिका प्रसाद तिवारी पिता श्री दउवा प्रसाद तिवारी
02. श्री राकेश सिंह ठाकुर पिता श्री कृपा सिंह ठाकुर,
03. श्रीमती लता बाई देवांगन पति श्री भगवती प्रसाद देवांगन,
04. श्री सुरज सिंह ठाकुर पिता श्री दुलार सिंह ठाकुर ,
05. श्री भानू प्रताप सिंह ठाकुर पिता श्री अंगद सिंह ठाकुर
06. श्रीमती सुशीला ठाकुर पति श्री अंगद सिंह ठाकुर
07. श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव पिता श्री राम सेवक श्रीवास्तव
08. श्रीमती जया द्विवेदी पति श्री राजेश द्विवेदी
09. सुश्री समृद्धि द्विवेदी पिता श्री राजेश द्विवेदी
10. श्री कृष्णा तिवारी पिता श्री राजेन्द्र तिवारी
11. श्रीमती शशिकला तिवारी पिता श्री राजेन्द्र कुमार तिवारी, **2 परिवर्तन के कारण**- न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश, रायपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 62 / 2025 में पारित आदेश दिनांक 22.07.2025 में पारित के परिपालन में नवीन ट्रस्टियों की नियुक्ति ,

**3 टिप्पणी**- ....।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को उक्त संबंध में कोई दावा, आपत्ति या सुझाव हो तो वे इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य (02 प्रतियों में) प्रस्तुत कर सकते है एवं पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वतः या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किये गये दावा, आपत्ति या सुझाव पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**(नंदकुमार चौबे)**
**पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर (छ.ग.)**



**आम सूचना**

आवासीय परिवर्तित भूमि ब्लॉक/शीट नं. 18 भू-खण्ड क्र. 16/5 एवं 18/5, रकबा 2604 वर्गफुट ग्राम रायपुर खास प.ह.न. 00062 रा.नि.म. रायपुर 12 रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) मोहल्ला बैरन बाजार रायपुर के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती शहनाज खान पति स्व. रफत रशीद खान एवं श्रीमती शफिका खान पति स्व. राहत रशीद खान दोनो निवासी बैरन बाजार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के हक आधिपत्य एवं स्वामित्व की आवासीय भवन जो कि मौजा सिविल स्टेशन में स्थित भूमि ब्लॉक नं. 18, भूखण्ड क्र. 16/5 एवं 18/5 रकबा 2604 वर्गफीट बैरनबाजार वार्ड क्र. 57 भगवती चरण शुक्ला वार्ड रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) जिसे क्रेता विजय पटेल पिता हरि भाई पटेल निवासी स्टेट बैंक कालोनी न्यू टिम्बर मार्केट गली नं. 04, वार्ड 23, फाफाडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के मध्य एक विक्रय इकरारनामा दिनांक 18.07.2025 को निष्पादित कर पब्लिक नोटरी रायपुर के समक्ष सत्यापित किया गया है उक्त इकरारनामा में नियत किए गए शर्त अनुसार दिनांक 17.10.2025 तक विक्रय विलेख का निष्पादन कराया जाना निर्धारित किया गया है। क्रेता के द्वारा विहित समयावधि में इकरारनामा के शर्तों का पालन नहीं किए जाने के मेरे पक्षकार के साथ किया गया इकरारनामा दिनांक 18.07.25 निरस्त किया जाता है।

अतः अतः एतद द्वारा आम सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के द्वारा निष्पादित इकरारनामा निरस्त किया जाता है तथा अब मेरे पक्षकारगण उक्त इकरारनामा के हर बंधन व भार से मुक्त होकर अपने हक आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि का अपने स्वेच्छानुसार उपयोग, उपभोग एवं अंतरण व्ययन करने हेतु स्वतंत्र हैं। तदनुसार सूचना जानें।

रायपुर दिनांक 17 अक्टूबर 2025

**भवदीय**
**महेशमणी साहू, अपर्णा शर्मा, विजय शर्मा, गोपी माण्डले, अजय साहू, ज्वाला सिंह, नरेश चंद्रा, लोकमान्य साहू अधिवक्तागण**
**एफ एफ 47 डी-ई प्रथम तल श्याम प्लाजा पण्डरी रायपुर (छ.ग.), मो. 9425216457**


## पेज 1 के शेष

### धनवंतरी के हाथों ...

श्रृंखला भी सजती है। दोनों ही मूर्तियों को कांसे के रंग से खास स्वरूप दिया गया है। कॉलेज में दस साल पहले धनवंतरी की मूर्ति स्थापित की गई। कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर संजय शुक्ला ने बताया कि आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी की प्रतिमा 2015 में स्थापित की गई। इसके साथ ही पूजा करने के बाद इलाज और पढ़ाई का क्रम शुरू होता है। इस तरह की व्यवस्था है कि आयुर्वेद संस्थानों में प्रवेश करते ही लोग सिर झुकाते हुए आगे बढ़ते हैं।

### विधिवत की जाती है...

धनतेरस के शुभ अवसर पर विधि-विधान से चिकित्सा के देवता की पूजा-अर्चना की परंपरा शुरू की गई थी। आयुष के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुपर्ण सेन गुप्ता ने बताया कि मूर्ति स्थापित होने से धनतेरस के अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ दीपों की श्रृंखला सजाई जाती है।

### उम्मीदों का धनतेरस...

ज्यादा का कारोबार होगा। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के सभी शहरों के बाजार धनतेरस के लिए सज गए हैं। कारोबारियों में इस बार ज्यादा खुशी का माहौल है। धनतेरस से पहले पुष्य नक्षत्र पर भी जमकर कारोबार हुआ है। इस बार पुष्य नक्षत्र पर प्रदेशभर में करीब डेढ़ हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने के कारण धनतेरस पर इससे डबल कारोबार का अनुमान है। कारोबारी मानकर चल रहे हैं कि इस बार हर सेक्टर में ज्यादा कारोबार होगा। इसके पीछे का एक कारण इस बार जीएसटी का काम होना भी है।
बर्तन-फर्नीचर, कपड़ा बाजार रहेगा गुलजार- सोने और चांदी के साथ धनतेरस पर बर्तनों की खरीदी को भी बहुत शुभ माना जाता है। खासकर तांबे, कांसे और स्टील के बर्तन भारी संख्या में बिकते हैं। इसी के साथ किचन के दूसरे सामान भी खरीदे जाते हैं। फर्नीचर की जमकर खरीदारी होती है। फर्नीचर में लकड़ी के साथ स्टील के आइटम भी बिकते हैं।


HEALTH TOWN

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank B.A.M.S. Nadi vaidya Sri Sri tattva Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130








धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
इस दीपावली घर लायें एक से बढ़कर घरेलु सामानों की अट्रेक्टिव रेंज वह भी अपने बजट में
EXCLUSIVE SHOWROOM
APEX AGENCY
एपेक्स एजेंसी
• एयर कंडीशनर्स • रेफ्रीजरेटर • वाशिंग मशीन • एलईडी टीवी • लैपटॉप • प्रिंटर्स • होम थिएटर • म्यूजिक सिस्टम • स्पोर्ट्स आइटम्स • फुटवियर
• लॉन व गार्डन उपकरण • ब्यूटी प्रोडक्ट्स • लेडिस, किड्स व जेंट्स रेडीमेड गारमेंट्स • होम फर्निशिंग • क्रॉकरी आइटम्स • पर्सनल केयर • ग्रॉसरी आदि
30,000 से भी अधिक आइटम्स एक ही छत के नीचे
amazon प्राइस से भी 20-50% तक कम दामों में
एयर कंडीशनर्स ₹23999.00 से प्रारम्भ
रेफ्रीजरेटर ₹10000.00 से प्रारम्भ
वाशिंग मशीन ₹7999.00 से प्रारम्भ
होम फर्निशिंग ₹199.00 से प्रारम्भ
एलईडी टीवी ₹10000.00 से प्रारम्भ
स्पोर्ट्स आइटम्स ₹500.00 से प्रारम्भ
फुटवियर ₹249.00 से प्रारम्भ
लॉन व गार्डन उपकरण ₹249.00 से प्रारम्भ
लैपटॉप ₹16499.00 से प्रारम्भ
प्रिंटर
STOCKIST FOR ALL C.G.
khaitan ORFIN
रेफ्रीजरेटर, वाशिंग मशीन, एयरकंडीशनर्स, माइक्रो वेव्स, फैंस, वाटर पम्पस, लाइटिंग प्रोडक्ट निर्माता
DISTRIBUTOR FOR ALL C.G.
GREE
FINANCE AVAILABLE
BAJAJ FINSERV
Customer Care : 93036 98568
अपेक्स एजेंसी, रायपुरा चौक, SML Isuzu शोरूम के बाजू, रिंग रोड नंबर- 1, रायपुर
Mobile: 6263517119 • Daily : 10.30AM to 8.30PM
sumit


RS GLASS
ALL TYPES OF AUTOMOBILE GLASS
राम श्याम ग्लास
FAST & FAIR
DEALS IN ALL KINDS OF AUTOMOBILE GLASS
SHUBH
धनतेरस
छत्तीसगढ़ का एक मात्र स्थान जहां सभी प्रकार के वाहनों के ग्लास लगायें जातें हैं....
राजीव गेरा
REAR DOOR GLASS
BACK WINDOW
FRONT GLASS
Plot. No. 20, Kedia Business Park, Near Mohan Marriage Palace, Ahamad Ji Bhai Pump, Bhilai Road, Tatibandh, Raipur
9329109448, 6260855757

# पीढ़ी दर पीढ़ी,
# विश्वास की गौरवशाली परम्परा



धनतरेस पर
## शुभ संयोग
सौंदर्य, शुद्धता और
समृद्धि का

ma
SINCE 1952

# महावीरचंद अशोक कुमार जैन

नवकार बिल्डिंग, हलवाई लेन, रायपुर ✆0771 4223502, 9109223502

संबंधित संस्थान

ज्वेलर्स महावीर अशोक
सिल्वर डिविज़न

एम. ए. फाइनेंस

ज्वेलर्स महावीर अशोक
गोल्ड-डायमण्ड-सिल्वर
मधुबन परिसर, सदर बाजार

ज्वेलर्स महावीर अशोक इंटरप्राइजेस प्रा. लि.
गोल्ड-सिल्वर-डायमण्ड
मधुबन परिसर, सदर बाजार

छत्तीसगढ़ गोल्ड रिफाइनरी
मानिक टॉवर, एडवर्ड रोड

सीजीआर हॉलमार्किंग
एंड एसए सेंटर

एम.ए. एंड संस
गोल्ड होलसेल डिविज़न

वासुप्रदा सिल्वर
सिल्वर रिफाइनिंग

ग्रीन गोल्ड
मानिक टॉवर, एडवर्ड रोड

ATUL PUBLICITY



Amanat
Bakery, Always Fresh
Sweet Traditions, Wholesome Creations
दीपों की त्योहार
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हर खुशी के मौके पर.. बेकरी में एक ही नाम
अमानत बेकरी
Quality
100%
Guaranteed
• पोस्टल कॉलोनी के सामने, पुराना धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
• पारस नगर (देवेन्द्र नगर) रायपुर
9329060307 9165341041
Special Pure Eggless Cake & Pastry
sumit




दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
खुशियों की डिश...
और हर बाइट में प्यार
साउथ इंडियन • चटपटी चाट • छोले भटूरे • पाव भाजी • पिज़्ज़ा बर्गर
रस मलाई • गुलाब जामुन • कोल्ड & हॉट ड्रिंक्स
77850-33333, 0771-4004888
Dutta's
Manju Mamta
M.G. ROAD, RAIPUR (C.G.)
sumit




madrasi
Since 1943
HAPPY
Diwali
"May this Diwali, Come up with beautiful beginning, fresh hope, bright days and New Dreams"
WISHING YOU A HAPPY & PROSPEROUS DIWALI
Madrasi
RESTAURANT
Malviya Road, Raipur. Ph: 9399021001
Grill
Pack 'n' Pick
Nr Bhatagaon Signal, Ph: 9399021004
Bites
Opp Marine Drive, Raipur. Ph : 9399021002
HIGHWAY
Jeevan Bima Marg, Pandri Raipur. Ph: 9399021003
Madrasi
Fried Chicken
Opp Rajkumar College, GE Rd. Raipur. Ph: 9399021005
You can order online through
zomato
SWIGGY
sumit




दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं...
केक डेकोरेटिंग रॉ मैटेरियल्स
एवं बेकिंग सप्लाई
हेतु विश्वसनीय शॉप
Chhattisgarh's 1st Certified Baking Institute
Bajaj's
Cake Clock
C-51, Near Dr Sandeep Bhargav, Shailendra Nagar, RAIPUR.
Mob : 96440-31119, 88391-20290, 82260-88000
sumit




ADMISSIONS OPEN 2026-27
Nursery to Grade 9th & 11th

Day Boarding cum Residential
School for Boys & Girls

SHUBH DHANTERAS
Wishing you a happy learning.

discover yourself

Brahmavid
THE GLOBAL SCHOOL
An Integrated approach to learning



MAHESHWARI

Towards Mahadev Ghat, Bhatagaon, Raipur - 492013 contact@brahmavid.com

For Admissions Call: 7047474747, 7047111111, 7047222222

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025





## सिटी लाइव

# एनआईटी-आईसीसीएस भारत के बीच एमओयू अध्ययन-अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान और इंटरनेशनल सेंटर फॉर कल्चरल स्टडीज इंडिया (आईसीसीएस-भारत) के बीच एमओयू किया गया। गुरुवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर और इंटरनेशनल सेंटर फॉर कल्चरल स्टडीज इंडिया (आईसीसीएस-भारत) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य स्टूडेंट्स में प्राचीन सांस्कृतिक अध्ययन और अनुसंधान को बढ़ावा देना है।

### गतिविधियों के लिए समन्वयक की दी गई जिम्मेदारी

इस एमओयू को एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. एनवी रमना राव और आईसीसीएस भारत के संगठन सचिव संदीप कविश्वर द्वारा औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित किया गया। एनआईटी रायपुर से डॉ. अनूप तिवारी, डॉ. विकास विद्यार्थी, केके साहू, आईसीसीएस रायपुर चैप्टर के आशीष कुमार पटेल को विभिन्न आईसीसीएस गतिविधियों के लिए समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई। इस विशेष अवसर पर डॉ. अनुज शुक्ला और डॉ. दिलीप सिसोदिया उपस्थित रहे। इस समझौते के तहत दोनों संस्थान अनुसंधान, सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में पारस्परिक सहयोग को प्रोत्साहित करेंगे। समारोह के अंत में सभी अतिथियों ने इस सहयोग को सफल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## इवेंट लाइव

# रामराज्य चाहिए तो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को चरित्र में उतारें



**रायपुर।** रामराज्य चाहिए तो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को चरित्र में उतारना होगा। अनुसरण करके ही हम समाज में शांति की स्थापना और उन्नति कर सकते हैं। वर्तमान दौर में जब भी कोई बात होती है या कल्पना की जाती है तो रामराज्य का उल्लेख मिलता है। जहां समभाव, ऊंच-नीच का भेद भुलाकर सबको न्याय समान भाव से मिल रहा है। आज भी यदि हमें रामराज्य चाहिए तो राम का अनुसरण करना होगा। उक्त बातें शुक्रवार को विकास शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित दिवाली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए जैतूसाव मठ ट्रस्ट कमेटी के सचिव महेंद्र अग्रवाल ने कही। इस अवसर पर बाल आश्रम के अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा, दीपावली का पर्व सिखाता है कि जीवन में आए अंधकार को शिक्षा रूपी प्रकाश से रोशन कर हम अपने जीवन को सार्थक कर सकते हैं।

### विद्यार्थियों ने किया रामलीला का मंचन

विकास शिक्षण संस्थान के दिवाली मिलन समारोह में छात्रों द्वारा रामलीला का जीवंत मंचन कर अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। वरिष्ठ छात्रों ने राऊत नाचा एवं छात्राओं ने सुआ नृत्य करते हुए दिवाली की मान्य परंपराओं का प्रदर्शन भी किया। इसमे संस्था की संचालिका अनुकृति शुक्ला एवं व्याख्याता भी शामिल हुए। कार्यक्रम में संगीता दुबे, हिमलता साहू, वर्षा अग्रवाल, डेनिता साहू, डोलेश्वरी होता, उमेश साहू, प्रदीप प्रधान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

## लाइव इवेंट

# सफेद और सिल्वर थीम पर सजा जिक्र-ए-चांदनी कार्यक्रम



**रायपुर।** रोटरी क्लब ने अपनी वार्षिकी पूर्ण होने पर इन-हाउस फेलोशिप "जिक्र-ए-चांदनी" कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन के दौरान सभी सदस्य शामिल हुए और कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। रोटरी का उद्देश्य सिर्फ सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं है बल्कि आपस में रिश्तों को मजबूत बनाना, एक-दूसरे के साथ सहयोग और अपनापन बढ़ाना जरूरी है। इसी भावना के साथ रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन हर आयोजन में सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ मित्रता और एकता का सुंदर संदेश देता है। 80 से अधिक क्वीन ने इस अवसर को भव्य बनाया। कार्यक्रम शानदार रहे इसके लिए उन्होंने सफेद और सिल्वर थीम में सजावट की और पवित्रता, शांति तथा त्योहार की चमक को दर्शाया। इस संध्या में रेनुका आदिल की मोहक गजलों ने हर दिल को छू लिया और संगीत के जादू से वातावरण को मधुर बना दिया। चेयरपर्सन वसुंधरा मंधान, निर्मल चावला, प्रेसिडेंट दीपिंदर कौर रेहल और सेक्रेटरी प्रभजीत भाटिया ने कार्यक्रम का कार्यभार संभाला और सफल बनाया। दीपावली के शुभ अवसर पर सदस्यों ने एक-दूसरे को महापर्व की शुभकामनाएं दीं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य फेलोशिप विथ सर्विस रहा।

## शहर के गोलबाजार, मालवीय रोड और सदर बाजार में उमड़ी भीड़, वाहनों की शोर के बीच जमकर खरीदारी

# धनतेरस से पहले बाजार में रौनक, उत्सव को खास बनाने दिनभर खरीदी, हर वर्ग ने तलाशी अपनी पसंद

"धनतेरस से एक दिन पहले यानी शुक्रवार को राजधानी के बाजारों में दिनभर रौनक रही। गोलबाजार, मालवीय रोड, पंडरी, शास्त्री बाजार और सदर बाजार ग्राहकों की आवाजाही से गुलजार रहा। सड़कों पर वाहनों के शोर-शराबे के बीच हर वर्ग के लोग दीपों के महापर्व को खास बनाने के लिए पहुंचे। हाथों में थैलियां लिए आगे बढ़ते लोगों की आंखों में चमक देखने को मिली। छोटी-बड़ी दुकानों को रंगबिरंगी झालर, लाइट्स, फूलमालाओं सजाए ग्राहकों के स्वागत में दुकान संचालक भी अपने सहयोगी कर्मियों के साथ सक्रिय नजर आए। लोगों की पसंद का जरूरी सामान देने का प्रयास किया।"





### मिठाई और पैकिंग डिजाइन की बाजार में भरमार

मिठाइयों की दुकानों पर भी पर्व का असर नजर आया। काजू कतली, रसगुल्ला, लड्डू, सोनपापड़ी और चॉकलेट गिफ्ट बॉक्स की मांग सबसे अधिक रही। कई मिठाई विक्रेताओं ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मिठाई को अनोखे तरीके से पैकिंग डिजाइन किया, इसे देख लोग आकर्षित हो रहे हैं। कई शॉप में दुकानदार बिना शुगर वाली हेल्दी मिठाई भी बेच रहे हैं, ताकि स्वास्थ्य का ध्यान रखने वाले ग्राहक दीपावली पर इसका स्वाद ले सकें। दीपावली मार्केट में सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा जा रहा है। यातायात पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष रूप से तैनात है। शहर के लोगों का कहना है कि दीपावली सिर्फ खरीदारी का नहीं, बल्कि मिल-जुलकर खुशियां बांटने का पर्व है। लोग अपने प्रियजनों के साथ उपहार और मिठाई बांटकर रिश्तों को और मजबूत बनाते हैं।

**रायपुर।** बाजार में कारीगरों द्वारा निर्मित किए गए मिट्टी के दीयों और हस्त निर्मित सजावटी सामानों की दिनभर डिमांड रही। पर्यावरण के प्रति बढ़ती सजगता के चलते मिट्टी और पर्यावरण-अनुकूलित उत्पादों को भी लोग प्राथमिकता देने लगे हैं। हर बाजार में दुकानदारों की खुशी देखने लायक थी। लगातार व्यस्तता के बाद भी उनके चेहरे पर थकान का नामोनिशान नहीं था। दिनभर सभी दुकानदार मुस्कुराते हुए ग्राहकों का स्वागत करने में तल्लीन नजर आए। कई दुकानदारों ने 'फेस्टिव ऑफर 'एक खरीदो एक फ्री' और 'विशेष डिस्काउंट सेल' का भी



फायदा दिया। इसे देखते हुए ग्राहकों की आवाजाही ज्यादा दुकानों में ज्यादा देखने को मिली। दीए, मोमबत्ती, तोरण, रंगोली पाउडर, पूजा सामग्री और उपहार पैकिंग आइटम की जमकर लोगों ने खरीदी की। इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान और उपहार सामग्री बेचने वाले शॉप में भी ग्राहकों की भीड़ रही। लोग अपने घरों को सजाने के लिए नए पर्दे, लाइट, और शोपीस खरीद रहे हैं।

### घर की लक्ष्मी के लिए पायल-कंगन की खरीदारी

*बर्तन दुकानों में महिलाएं तांबे के लोटे, पूजा की थाली, रसोई के लिए चूल्हा, कटोरियां व प्लेट जैसी अन्य सामानों की खरीदारी कर रही हैं। इनकी कीमत 1000 से 10000 हजार रुपए तक है। हर दुकान में भीड़ होने के बाद भी लोग लगातार शॉपिंग कर रहे हैं। ज्वेलरी शॉप में ग्राहक अपनी मां, बहन व पत्नी के लिए पायल जो 1000 से 5000 के मिल रहा हैं,हाथों के लिए कंगन की रेट 50 हजार 1 लाख तक ,सोना-चांदी के सिक्के,हार, चोकर, कण्ठी, गुलुबंद व मंगलसूत्र जैसे सामानों को पसंद कर रहे हैं, जिससे उनकी घर की लक्ष्मी खुश रहे। इन दुकानों पर भीड़ है, लेकिन ज्यादा स्टॉफ से ग्राहक अपना वक्त लेकर खरीदारी कर रहे हैं।*

### एआई और गेमिंग लैपटॉप की डिमांड

*लैपटॉप दुकानों में एआई आधारित लैपटॉप और गेमिंग लैपटॉप की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में आने वाले ग्राहकों में लगभग 15 प्रतिशत एआई लैपटॉप, 40 प्रतिशत गेमिंग लैपटॉप और 55 प्रतिशत नॉर्मल कॉन्फिगरेशन वाले लैपटॉप की इंक्वायरी और बुकिंग कर रहे हैं। एआई लैपटॉप की कीमत 70 हजार से ढाई लाख रुपए, जबकि गेमिंग लैपटॉप की कीमत 60 हजार से ढाई लाख रुपए तक है। वहीं रोजमर्रा के काम के लिए लोग 22 हजार से 50 हजार रुपए तक के लैपटॉप पसंद कर रहे हैं। दीपावली को देखते हुए भी संचालक लैपटॉप के साथ कई और इलेक्ट्रॉनिक्स गजेट दे रहे हैं, जैसे हैडफोन, स्पीकर, नैकबैंड, जिससे ग्राहक कुछ न कुछ खरीदारी करके ही जाएं।*

# सरस मेले में कोसा साड़ी, सवई घास, गोबर से निर्मित डेकोरेटिव आयटम का आकर्षण



**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान पर एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) व छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग विभाग द्वारा क्षेत्रीय सरस मेले का आयोजन किया गया है। स्वसहायता समूहों की महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और उनके उत्पादों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से क्षेत्रीय सरस मेला-2025 का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में 9 से 18 अक्टूबर तक किया जा रहा है। लोकल फॉर वोकल के कांसेप्ट पर आधारित इस क्षेत्रीय सरस मेले में प्रदेश सहित देशभर के हस्तशिल्प, माटीकला, बांस शिल्प, बेलमेटल, पैरा आर्ट, टेराकोटा, नारियल व जूट उत्पाद, सवई घास व गोबर उत्पाद, कोसा साड़ी, मोमबत्तियां, अचार और अन्य खाद्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगी है। मेले में कुटीर व गृह उद्योग से जुड़ी महिलाएं, शिल्पकारों की नायाब कारीगरी की झलक उनकी हस्तनिर्मित वस्तुओं में देखने को मिल रही है। स्वदेशी व हैंडमेड वस्तुओं, शिल्पकला प्रेमी बड़ी संख्या में मेले में त्योहारी सीजन में स्वदेशी दीए, साज सजावट के सामान, पारंपरिक सरगुजिया, बस्तरिया साड़ी, जांजगीर-चांपा की कोसा साड़ी आदि खरीद रहे हैं। इसके अलावा इस मेले में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के साथ-साथ आंध्रप्रदेश, ओडिशा, गोवा, कश्मीर, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के स्वसहायता समूह भी भाग ले रहे हैं। सरस मेले में स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी को लेकर बड़ी संख्या में लोग साइंस कॉलेज मैदान पहुंच रहे हैं।

### हस्तशिल्प के 202 से अधिक स्टॉल

*इस मेले में 202 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के स्वसहायता समूहों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है। एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के साथ-साथ छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग विभाग के 15 स्टॉल, नाबार्ड तथा जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र को भी स्टॉल आवंटित किए गए हैं। मेले में विभिन्न राज्यों और जिलों के हस्तशिल्प, माटीकला, बांस शिल्प, बेलमेटल, पैरा आर्ट, टेराकोटा, नारियल व जूट उत्पाद, सवई घास व गोबर उत्पाद, कोसा साड़ी, मोमबत्तियां, अचार और अन्य खाद्य उत्पाद प्रदर्शित एवं विक्रय किए जा रहे हैं।*

### विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजन की महक

*यह आयोजन स्वसहायता समूहों की महिलाओं के लिए अपने उत्पादों के विपणन, कौशल विकास और आयवृद्धि का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता और आजीविका संवर्धन के प्रयासों को नई दिशा मिल रही है। मेले में कुल 202 स्टॉल स्व-सहायता समूहों के उत्पादों के लिए तथा 16 फूड स्टॉल स्थापित किए गए हैं, जहां आगंतुकों को विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प देखने व खरीदने का अवसर मिल रहा है।*

# प्रियंका का लेख वुमेन इन लीडरशिप में शामिल



**रायपुर।** भारतीय महिला नेतृत्व विशेषज्ञ प्रियंका श्रीवास्तव का लेख एंशियंट प्रैक्टिसेस फॉर मॉडर्न लीडरशिप एक्सीलेंस" हाल ही में प्रकाशित वुमेन इन लीडरशिप पब्लिकेशन 2025 (स्प्रिंग इश्यू, यूएसए) में थॉट लीडरशिप श्रेणी में स्थान पाया है। यह प्रतिष्ठित प्रकाशन महिलाओं के नेतृत्व और प्रेरणा पर केंद्रित है। इस अंक में पूर्व आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैट्रीन याकोब्सडॉटिर का लेख भी शामिल है। प्रियंका का लेख पृष्ठ 74 में शामिल किया गया। लेख में प्राचीन प्रथाओं के आधुनिक नेतृत्व में उपयोग और उत्कृष्टता प्राप्त करने के तरीके प्रस्तुत किए गए हैं।

# तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव 1-2 नवंबर को, पदाधिकारियों को बांटी जिम्मेदारी

**रायपुर।** वनबंधु परिषद महिला समिति रायपुर चैप्टर द्वारा तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव का आयोजन 1 और 2 नवंबर को राजधानी के चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में आयोजित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आचार्य पं. हरीश मिश्रा इस आयोजन में मुख्य रूप से शामिल होंगे। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल एवं महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि एकादशी उद्यापन के इस आयोजन में प्रथम दिन फलाहार एवं दूसरे दिन सभी आमजनों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। वहीं सचिव सरिता रेखानी ने जानकारी दी कि उद्यापन में 51 जोड़े शामिल होंगे, जो भी व्यक्ति आयोजन में हिस्सा लेना चाहते है वे हेल्पलाइन नंबर 9827895533 पर संपर्क कर विस्तृत रूप से कार्यक्रम की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आयोजन को सफल बनाने सचिव सरिता रेखानी, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी हेमलता बंसल व सह प्रभारी कौशल्या गुप्ता, मधु अग्रवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## अन्नकूट महोत्सव में माखन-मिश्री का होगा विशेष अर्पण

# 'दूधाधारी' में चावल से बनेगा गोवर्धन पर्वत, 'जैतूसाव' में 160 व्यंजनों से लगेगा भोग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों में 'अन्नकूट महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 22 अक्टूबर को ब्रह्म मुहूर्त से ही धार्मिक गतिविधियों की शुरुआत होगी। यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिरों पर एकत्र होकर भगवान को अर्पित किए जाने वाले शाही भोग व दिव्य श्रृंगार के साक्षी बनेंगे। जैतूसाव मठ, दूधाधारी मठ, इस्कॉन मंदिर और सदरबाजार स्थित गोपाल मंदिर में विशेष आयोजन होने जा रहा है, जहां खासतौर पर 56 प्रकार से अधिक व्यंजनों का भोग महाआरती के दौरान अर्पित किया जाएगा, इस दौरान चावल के बड़े ढेर को गोवर्धन पर्वत के रूप में पूजा जाएगा। "पौराणिक घटना की याद में अन्नकूट महोत्सव मंदिरों में आयोजित किया जाता है, प्रत्येक वर्ष गोवर्धन पूजा के पश्चात मंदिरों में पकवान भगवान की प्रतिमाओं को आस्था स्वरूप भेंट किए जाते हैं। मान्यता अनुसार जब भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्रदेव के क्रोध से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर उठा लिया था। जिसके अंतिम दिन मां यशोदा ने श्रीकृष्ण के लिए विशेष भोग तैयार किया था, जिसे अन्नकूट महोत्सव के रूप में मनाया जाता है।"



### मिट्टी के पात्र में सजेंगे पारंपरिक व्यंजन

*अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर इस्कॉन मंदिर परिसर में भी शाही भोग की तैयारी शुरू हो गई है, जहां पारंपरिक अनुष्ठान के साथ महोत्सव का प्रारंभ होता है। इस दौरान पिछले वर्ष की तुलना में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक भोग मिट्टी के पात्र में ही शुद्ध रूप सें परोसा जाएगा, जिसके बाद भक्तों को प्रसादी के रूप में वितरण किया जाएगा।*





### जैतूसाव मठ में चीला, फरा ठेठरी-खुरमी का भोग

शुक्रवार से ही जैतूसाव मठ में व्यंजनों की तैयारी शुरू हो गई है, जहां बड़ी मात्रा में 160 से भी अधिक प्रकार के पकवान तैयार किए जा रहे हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन चीला, फरा, ठेठरी-खुरमी, भजिया भी भगवान को अर्पित किया जाएगा। सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में 29 अक्टूबर को अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा।

### नए चावल से बनेगा पकवान

दूधाधारी मठ में अन्नकूट उत्सव के दौरान नए चावल के प्रयोग से व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में मठ परिसर पर चावल के ढेर को गोवर्धन पर्वत के रूप में पूजा जाएगा, जिसके पश्चात ही भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित किया जाएगा।

पूजा मोबाईल स्टोर्स ऑफर की दुकान
आप सभी को धनतेरस की हार्दिक बधाई!
धनतेरस महाधमाका ऑफर
महाबचत ऑफर

महा एक्सचेंज मेला
पुराना TV लाये नया ले जायें
पुराना फ्रीज लाये नया ले जायें
पुराना वाशिंग मशीन लाये नया ले जायें

मोबाईल एक्सचेंज मेला
पुराना मोबाईल लाये नया ले जायें
BILL BOX COMPULSORY

18000/- के ऊपर मोबाईल की खरीदी पर पायें
Trolly Bag OR
Home theater
FREE
(Pay only 499/-)

OR

एक फोन की खरीदी पर
7/11/21
Gift FREE

₹990/- डाऊनपेमेंट में
कोई भी मोबाईल, टी.वी.,
फ्रीज, वाशींग मशीन ले जायें

टी.वी., फ्रीज, एसी
की खरीदी पर 9 लीटर Pigeon का
Microwave FREE
(Pay only 499/-)

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा LUCKY OFFER
50 वशींग मशीन + 5 स्कूटी + 1 थाईलैंड ट्रीप जाने का मौका

2000/- डाऊनपेमेंट और 24 Month
EMI में पायें
iPhone

Single Door Fridge | TV
Washing Mashine के साथ
Sound Bar OR Trolly Bag FREE
(Pay only 499/-)

vivo oppo SAMSUNG iPhone ONEPLUS
के कम्पनियों का मोबाईल 1000/- डाऊनपेमेंट में ले जायें।

पुरे भारत की ID में होगा फायनेंस सिर्फ पूजा मोबाईल स्टोर्स में
आधारकार्ड, पेनकार्ड और बैंक पासबुक लेकर आयें और मोबाईल लेकर जायें।

पूजा मोबाईल स्टोर्स, टिकरापारा, सिद्धार्थ चौक,
साहू काम्पलेक्स, रायपुर (छ.ग.) 8871533100


SONI MOTORS
MARUTI SUZUKI
TATA
HYUNDAI
HONDA
TOYOTA
Mahindra
SHUBH
Dhanteras
शंभू सोनी
सुशांत सोनी
TATA
टाटा एंड मारूति स्पेशलिस्ट
MARUTI SUZUKI
सभी कंपनी के पेट्रोल एवं डीजल
मॉडलों की गाड़ीयों का मैकेनिकल, इलैक्ट्रीकल,
डेंटिंग एवं पेंटिंग कार्य किया जाता हैं
HARRIER
अग्रोहा कॉलोनी के पास, रिंग रोड नं.-1, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
99074 32600, 97705 32600, 90396 26368, 90390 26368


AANDRAYA ENTERPRISES
धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
ANA
ए.एन.आटोमोबाईल
संचालक
अनुराग सेन
10 Years Celebration
हमारे संस्थान के 10 वर्षों का यह सफर हमारी मेहनत, टीम-वर्क और 4000 से अधिक ग्राहकों के विश्वास का परिणाम है
• 1 साल का कॉम्प्रेसिव बीमा मुफ्त*
• पहली EMI 60 दिन के बाद
• एक्सचेंज सुविधा उपलब्ध
BULL
नया स्वराज मेरा SWARAJ
हर ट्रेक्टर पर एक निश्चित उपहार
SHAKTIMAN
MAKING AGRICULTURE MORE ECONOMICAL
TELESCOPIC LOADER
SPECIAL DISCOUNT 21000/-
MALKIT - 997
Deluxe Model
इंडिया का पहला इंटेलिजेंट हार्वेस्टर
SWARAJ 8200
Authorized Distributor:
AANDRAYA ENTERPRISES
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
Beside Indian Bank, Dhamtari Road, Abhanpur, Dist-Riapur-493661, Mob. 7089000180, 7089000188
A.N. AUTOMOBILE
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
7089000188, 9752994668


दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
The Best Electronic Brands Under One Roof
GENERAL
SAMSUNG
BLUE STAR
MITSUBISHI HEAVY INDUSTRIES
Our Technologies, Your Tomorrow
Panasonic
ideas for life
SAMSUNG
LG
TCL
mi
Haier
ONEPLUS
CROWN
WASHING MACHINE & REFRIGERATOR
LG
Life's Good
SAMSUNG
Whirlpool
Godrej
HOME THEATRE
cemex
SETS THE STANDARD
0%
Finance Available
WHOLESALE PRICE
CASH BACK ON 1000+ PRODUCTS
AUDIOOZ
The Soul of Sound
LRIPL
ONEX
WEBOR
HOME APPLIANCES
हर खरीदी पर एक निश्चित उपहार
REENA ELECTRONICS
Near Aditya Hotel, Opp Gass Memorial Center, MG Road, RAIPUR.
70890 75850, 99071 29992, 0771-3520921


रंगीला म्युजिक स्टुडियो
धन्तेरस
एवं
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
डॉ. राजेन्द्र रंगीला
अंतराष्ट्रीय लोक गायक एवं
छत्तीसगढ़ राज्य अलंकृत गुरूघांसी दास सम्मान
संतोषी नगर, रायपुर, मो.: 9826181269


(आपकी सुरक्षा, हमारी गारंटी)
Soni CCTV Camera
wishing you all
Happy Dhanteras and Diwali
DIWALI SPECIAL
Contact For Retail Brand Outlet / Franchise
98271-52952
Available on Finance
ONLY AT ₹9,999/-
3+1 CCTV CABLE
2 CAMERA SETUP
ONLY AT ₹12,999/-
3+1 CCTV CABLE
4 CAMERA SETUP
- OUR BRANDS -
SONI VISION
SECURE EVERYWHERE
छत्तीसगढ़ का अपना CCTV ब्रांड!
CG PLUS
Chhattisgarh's No. 1 CCTV Brand
www.sonivision.co.in
1800-123-52952
Shop No. 4, 5, 6 & 7, Ground Floor, Chnadra Planet, Ring Road No.1, Raipur


Making the edible incredible !
Cake O Clock
TRAINING INSTITUTE
Cake O' Clock Training Institute
Chhattisgarh's 1st Certified Baking Institute
wishing you all
Happy Dhanteras & Diwali
Enroll in New Batch
DIPLOMA in Baking
(45 Days Course)
Explore Career Opportunity as a Patisserie Chef
- COURSE COVERS -
How to develop your own recipes and techniques and how to make - Dry Cake, Travel Cake, Pizza, Croissants, Cupcakes, Icing Cakes, Cookies, Breads, Doughnuts, Danish Pastry, Cheesecake, Dessert in Jar, Artisian Bread, Fondant work, Garnishes, PhylloSheets/Baklava, Khari & Puffs, Wedding Cakes and so much more.
Call or Whatsapp 80886-79789, 96440-31119
1st Floor, Bajaj Tower, Ring Road No.1, Near New Rajendra Nagar Turning, Raipur, (CG)